

दमण से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

Asli Azadi Dainik
@AsliAzadiDainik

www.asliazadi.com

# असली आज़ादी

SINCE 2005

■ वर्षः 19, अंकः 183 ■ दमण, बुधवार 17 अप्रैल 2024, ■ पृष्ठः 8 ■ मूल्यः 2 रु ■ RNI NO-DDHIN/2005/16215 ■ संपादक- विजय जगदीशचंद्र भट्ट

## दानह लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार कला डेलकर ने विराट रैली के साथ भरा नामांकन

■ दादरा नगर हवेली की समस्याओं के समाधान और बाकी बचे विकास कार्यों को पूरा करने हम सब एक मंच पर आये हैः भाजपा उम्मीदवार सांसद कला डेलकर ■ भाजपा उम्मीदवार कला डेलकर ने जनता-जनार्दन से कहाः आपने हमेशा हमारा साथ दिया है, मैं भी हमेशा आपके साथ रहूंगी ■ भाजपा प्रभारी पूर्णेश मोदी, सहप्रभारी दुष्यंत पटेल, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष दीपेश टंडेल, पूर्व सांसद नटू पटेल, भाजपा महामंत्री सुनील पाटिल, सहित के भाजपा नेताओं ने भी सभा को किया संबोधित ■ भाजपा के युवा नेता अभिनव डेलकर के साथ सैंकडों युवाओं ने विराट रैली में पीएम मोदी के 400 पार के आह्वान का जयघोष किया











असली आजादी न्यूज नेटवर्क, सिलवासा 16 अप्रैल। दादरा नगर हवेली आदिवासी आरक्षित सीट पर आज भाजपा उम्मीदवार कला डेलकर ने विराट रैली निकालकर शक्ति प्रदर्शन के साथ नामांकन दाखिल किया। भाजपा उम्मीदवार कला डेलकर ने सिलवासा कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियांक किशोर के समक्ष अपना नामांकन किया। इसके पहले सिलवासा अटल भवन पर सभा को संबोधित करते हुए भाजपा उम्मीदवार सांसद कला डेलकर ने कहा कि दादरा नगर हवेली की समस्याओं के समाधान और बाकी बचे विकास कार्यों को पूरा करने के लिए हम सभी एक मंच पर आये है। उन्होंने जनता-जनार्दन से कहा कि आपने हमेशा हमारा साथ निभाया है, मैं हमेशा आपके साथ रहूंगी। आज की सभा में भाजपा प्रभारी पूर्णेश मोदी, सहप्रभारी दुष्यंत पटेल, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष दीपेश टंडेल, पूर्व सांसद नटू पटेल, भाजपा महामंत्री सुनील पाटिल सहित के भाजपा नेताओं ने भी संबोधित किया था। ज्यादातर सभी नेताओं ने पीएम मोदी जी को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने एवं विकास तथा 10 साल के सुशासन सहित के मुद्दों पर अपना वक्तव्य दिया था। भाजपा के युवा नेता अभिनव डेलकर के साथ सैंकडों युवाओं ने विराट रैली में पीएम मोदी के 400 पार के आह्वान का जयघोष किया था। भाजपा उम्मीदवार सांसद कला डेलकर के नामांकन अवसर पर सिलवासा नगरपालिका पूर्व प्रमुख राकेशसिंह चौहाण, दादरा नगर हवेली जिला पंचायत पूर्व प्रमुख निशा भावर, भाजपा महामंत्री जीतू माढा, फतेहसिंह चौहाण, इंद्रजीत परमार, मनीष देसाई, धर्मेंद्रसिंह चौहाण, अजय देसाई, दिग्विजयसिंह परमार, अल्ताफ खुटलीवाला, कौशिल शाह, तेजश दोडिया, आरिफ शेख, मुस्ताक तवा सहित बडी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित रहे।

## दमण-दीव लोकसभा सीट पर उमेश पटेल ने निर्दलीय के रुप में भरा नामांकन

■ उमेश पटेल ने नामांकन से पहले की सभाः प्रशासन, सत्तापक्ष, सांसद और विपक्ष पर किये प्रहार





असली आजादी न्यूज नेटवर्क, दमण 16 अप्रैल। दमण-दीव लोकसभा सीट पर आज उमेश पटेल निर्दलीय उम्मीदवार के रुप में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। निर्दलीय उम्मीदवार उमेश पटेल ने जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष अपना नामांकन दाखिल किया। इससे पहले मोटी दमण मार्केट के पास उमेश पटेल ने सभा की। जिसमें उन्होंने प्रशासन, सत्तपक्ष, सांसद एवं विपक्ष पर जमकर प्रहार किया। गौरतलब है कि 2019 में भी उमेश पटेल ने निर्दलीय के रुप में उम्मीदवारी की थी। इस बार भी उनकी उम्मीदवारी से दमण-दीव लोकसभा सीट पर त्रिकोणीय मुकाबला होने जा रहा है।

## दुनेठा सरपंच सविता पटेल एवं भाजपा ओबीसी मोर्चा जनरल सेक्रेटरी भरत पटेल ने राम शोभा रथ की उतारी आरती



असली आजादी न्यूज नेटवर्क, दमण 16 अप्रैल। रामनवमी के उपलक्ष्य में दमण के विभिन्न क्षेत्रों में राम शोभा रथ भ्रमण करके लोगों को भव्य रामनवमी उत्सव मनाने का संदेश दे रहा है। राम शोभा रथ आज दुनेठा ग्राम पंचायत विस्तार में पहुंचा था। जहां पर दुनेठा ग्राम पंचायत सरपंच सवित पटेल एवं प्रदेश भाजपा ओबीसी मोर्चा जनरल सेक्रेटरी भरत पटेल एवं उनकी टीम ने राम शोभा रथ की आरती करके भगवान राम का आशीर्वाद लिया। इसके साथ ही राम शोभा रथ ने दुनेठा विस्तार में घूमकर रामनवमी उत्सव में बडी संख्या में भक्तों को शामिल होने के लिए आमंत्रित किया।

## भाजपा उम्मीदवार लालू पटेल ने दाभेल मंडल के धर्मिष्ठा सोसायटी एवं चीकुवाडी में किया चुनावी सभा









असली आजादी न्यूज नेटवर्क, दमण 16 अप्रैल। दमण-दीव लोकसभा सीट के भाजपा उम्मीदवार लालू पटेल ने आज देर शाम दाभेल मंडल विस्तार की धर्मिष्ठा सोसायटी एवं चीकुवाडी में चुनाव सभा किया। दमण भाजपा द्वारा जारी प्रेसनोट में बताया गया है कि भाजपा उम्मीदवार सांसद लालू पटेल ने दाभेल मंडल की धर्मिष्ठा सोसायटी और चीकुवाडी में चुनावी सभा कर भाजपा के पक्ष में वोट मांगा। इस चुनावी सभा में भाजपा उम्मीदवार लालू पटेल, दमण जिला भाजपा अध्यक्ष अस्पी दमणिया सहित अन्य भाजपा पदाधिकारियों ने मतदाताओं से भाजपा को वोट करके लालू पटेल को भारी बहुमत से जीताने की अपील की। आज की चुनाव सभाी में भाजपा उपाध्यक्ष महेश आगरिया, दमण-दीव जिला पंचायत की पूर्व प्रमुख तरुणा पटेल, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के महामंत्री वसीम सैयद, दमण जिला भाजपा महामंत्री विमल पटेल, दाभेल मंडल प्रमुख रामसिंह पटेल, अम्रत पटेल, गुलाब पटेल, जयेश पटेल, डॉ. बिजल कापडिया, छोटू पटेल, सहित भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सुरक्षाबलों की कार्रवाई से घबराए नक्सली, 26 ने किया सरेंडर

दंतेवाड़ा। सुरक्षाबलों की कार्रवाई से नक्सलियों में घबराहट पैदा हो गई है। दंतेवाड़ा में एक या दो नहीं, बल्कि 26 नक्सलियों ने एक साथ सरेंडर किया, जिसे देखकर सुरक्षाबलों के भी होश फाख्ता हो गए। सुरक्षा बालों को यह चमत्कार जैसा लगा, लेकिन यह कोई चमत्कार नहीं, बल्कि सच्चाई है। सरेंडर करने वाले नक्सलियों में एक नक्सली पर एक लाख रुपए का इनाम घोषित किया गया था। प्रतिबंधित माओवादी संगठन ने सुरक्षाबलों की कार्रवाई के विरोध में 15 अप्रैल को बंद का आह्वान किया था। जिसका कोई खास असर नहीं दिखा। एसपी गौरव राय ने बताया कि यह सभी नक्सली कई गतिविधियों में शामिल थे, जिसमें पोस्टर लगाना, बैनर लगाना, रसद एकत्रित करना, आगजनी करना, सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाना, सरकारी कार्यों में बाधा पहुंचाना शामिल है। छत्तीसगढ़ को नक्सल मुक्त बनाने की दिशा में सुरक्षाबलों की प्रखर कार्रवाई का अंदाजा आप महज इसी से लगा सकते हैं कि अब तक इस अभियान के अंतर्गत 717 नक्सली सरेंडर कर चुके हैं, जिसमें 176 इनामी हैं।

## अयोध्या राम मंदिर में आज 50 लाख से अधिक भक्तों के दर्शन करने की संभावना

मिर्जापुर। रामनवमी को देखते हुए अयोध्या ही नहीं, देश भर के श्रद्धालुओं में उत्साह है। इस अवसर पर अयोध्या में नवनिर्मित राम मंदिर में कल 50 लाख से अधिक भक्तों के दर्शन करने की संभावना है। ऐसे में श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण के लिए मिर्जापुर से 1,11,111 किलो लड्डू भेजे जा रहे हैं। प्रसाद शहर के देवरहा हंस बाबा ट्रस्ट द्वारा भेजा जा रहा है। इन लड्डुओं को तैयार करने के बाद इसी टिफिन में पैक किया जा रहा है। सनातन धर्म में प्रभु श्री राम को मर्यादा पुरुषोत्तम की उपाधि दी गई है। यही कारण है कि हर साल चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को मनाए जाने वाले रामनवमी का पर्व हिंदू धर्म के लोगों के लिए बेहद खास माना जाता है। इस वर्ष रामनवमी 17 अप्रैल को मनाई जा रही है। ऐसे में अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के बाद अब राम नवमी के पर्व को ऐतिहासिक बनाने के लिए मिर्जापुर से भोग और वितरण के लिए प्रसाद के तौर पर 1,11,111 किलोग्राम लड्डू अयोध्या स्थित राम लला मंदिर भेजा जा रहा है। कल आने वाले राम भक्तों को देवरहा बाबा आश्रम की तरफ से यह प्रसाद वितरित किया जाएगा। अयोध्या में रामलला को लड्डुओं का भोग लगाने के लिए वाराणसी और प्रयागराज से विशेष कारीगर बुलाए गए हैं। वाराणसी से आएं अशोक यादव ने बताया कि 10 लोगों के साथ 31 मार्च को यहां आए थे। इसके बाद से लगातार लड्डू बन रहे हैं। प्रयागराज से भी 6 कारीगर आए हैं। इसके अलावा मिर्जापुर के भी कारीगर लड्डू बनाने में लगे हैं। इससे पहले हम लोगों ने जनवरी में भी लड्डूओं को तैयार किया था जहां वह भी अयोध्या में भोग लगाने गया था। संत तुषार दास ने बताया कि राम नवमी के पर्व पर देवरहा बाबा आश्रम के तरफ से प्रभु श्रीराम के विशेष भोग के लिए लड्डुओं को तैयार किया जा रहा है। लगभग 20 दिनों से शुद्ध देशी घी, बेसन और चीनी से लड्डू बनाये जा रहे हैं। सोमवार और मंगलवार को लड्डू वाहन से अयोध्या भेजा गया जहां कल रामनवमी पर भोग लगाने के बाद प्रसाद भक्तों में वितरित होगा। उन्होंने बताया कि 500 वर्षो के लंबे इंतजार के बाद यह शुभ अवसर आया है। ऐसे में महाराज के आदेश के बाद इस रामनवमी को खास तरह से मनाया जा रहा है।

## लेम्बोर्गिनी को लगा दी आग, वीडियो हुआ वायरल

हैदराबाद । तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद के पहाड़ी इलाके में 13 अप्रैल को लेम्बोर्गिनी कार को आग लगा दी। 2009 मॉडल की इस स्पोर्ट्स कार की कीमत करीब 1 करोड़ रुपये बताई जा रही है। इस घटना एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें पीले रंग की लैंबॉर्गिनी सड़क पर धूं-धूंकर जलती दिख रही है। पुलिस के मुताबिक कार मालिक ने इसे बेचने के इरादे से दोस्तों को खरीदार ढूंढने के लिए कहा था। जांच में पता चला कि यह शख्स सेकंड हैंड कार की बिक्री करता है। उसकी अपने मालिक के साथ झगड़ा हो गया था जिसके बाद उसने कुछ साथियों के साथ मिलकर इस घटना को अंजाम दिया। रिपोर्ट में बताया गया कि इस घटना का प्राथमिक संदिग्ध जो मालिक के एक दोस्त की जान-पहचान का था ने उससे कार लाने के लिए कहा था। पुलिस ने बताया कि जब 13 अप्रैल की शाम को यह लैम्बॉर्गिनी कार हैदराबाद के बाहरी इलाके में ममीदिपल्ली रोड पर लाई गई तो उस शख्स ने दूसरे लोगों के साथ मिलकर इस पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। उसका दावा है कि कार मालिक पर उसका पैसा बकाया है। कार लेने वाले व्यक्ति की शिकायत के आधार पर आईपीसी की धारा 435 (नुकसान पहुंचाने के इरादे से आग या विस्फोटक पदार्थ द्वारा शरारत) के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस ने कहा कि पूरी जानकारी जांच के बाद ही असली बात पता चलेगी।

## पंजाब, हरियाणा राजस्थान समेत पूर्वोत्तर राज्यों में बारिश की संभावना

नई दिल्ली। आईएमडी ने बताया कि पूर्वोत्तर के राज्य असम, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, नगालैंड और सिक्किम में 16 से 21 अप्रैल को बारिश की संभावना है। उधर आईएमडी ने कहा कि उत्तर पश्चिम भारत के राज्य में मौसम में कोई खास बदलाव होने की संभावना नहीं है। ऐसे में जो मौजूदा मौसम है वैसा ही रहेगा। आईएमडी ने बताया कि मध्य प्रदेश, विदर्भ और मराठवाड़ा में भी बारिश हो सकती है। इसके अलावा यहां आंधी तूफान चलने की भी संभावना है। आईएमडी ने कहा कि गंगीय पश्चिम बंगाल में 17 अप्रैल से शुक्रवार 19 अप्रैल के दौरान अलग-अलग स्थानों पर हीट वेव चल सकती है। मौसम विभाग ने कहा कि जम्मू कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में बारिश होने की संभावना है। इन राज्यों में फिर से ऐसा ही मौसम 18 अप्रैल को शुरू होगा। भारत मौसम विभाग ने कहा कि उत्तर पश्चिम भारत में अगले 24 घंटे में बारिश का दौर जारी रहने की संभावना है। इसके बाद 18 से 21 अप्रैल के दौरान वर्षा का एक नया दौर जारी रह सकता है।

## मस्जिद बनाने के लिए चंदे में मिला अंडा, 2.26 लाख में बिका

जम्मू. । कश्मीर के बारामूला में मस्जिद निर्माण के लिए चंदा किया जा रहा था। इस दौरान ऐसा वाक्या पेश आया कि लोग हैरान रह गए। मस्जिद के चंदे के लिए एक अंडे की नीलामी की गई। यह अंडा 2.26 लाख रुपये में नीलाम हुआ है। अब हर कोई हैरान है कि एक अंडा की कीमत इतनी कैसे हो सकती है। यह घटना श्रीनगर के सोपोर के मालपोर गांव में घटित हुई। जहां एक मस्जिद समिति मस्जिद बनाने के लिए लोगों से नकद और कोई भी वस्तु चंदा के रुप में इकट्ठा करना शुरू किया। वहीं एक बुजुर्ग महिला ने बताया कि उसने अपनी मुर्गी द्वारा दिया गया ताजा अंडा दान किया है। वस्तु के रूप में दिए गए दान को नीलामी के लिए रखा गया लेकिन दूसरी वस्तुओं से ज्यादा अंडा सबसे ज्यादा कीमत में नीलाम हुआ। स्थानीय निवासी ने बताया कि वस्तुओं की नीलामी शुरु हुई। सभी वस्तु तो नीलाम हो गई लेकिन लोग तीन दिनों तक अंडे पर बोली लगाते रहे और हर बोली के बाद, सफल बोली लगाने वाले ने अपनी बोली की राशि का भुगतान किया और फिर और ज्यादा पैसे जुटाने के लिए अंडे को दान के रूप में समिति को वापस कर दिया। नीलामी के आखिरी दिन एक युवा व्यापारी दानिश अहमद ने अंडे को 70,000 रुपये में खरीदा। दानिश ने कहा कि हम इस मस्जिद को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए बहुत उत्सुक हैं। चूंकि मस्जिद को बड़ा बनाने की योजना है, इसलिए ज्यादा पैसे की जरुरत भी है। उन्होंने कहा कि 'मैं कोई अमीर आदमी नहीं हूं लेकिन मस्जिद बनाने के लिए मेरा जुनून और भावना थीज।' दानिश के मुताबिक कई दौर की नीलामी के बाद अंडे के लिए बोली लगाने वालों ने 2,26,350 रुपये नीलामी से जमा किए हैं। जिसे अब मस्जिद की तामीर में लगाया जाएगा।

## कांग्रेस कन्हैया कुमार को टिकट देकर अपनी मानसिकता का परिचय दे रही है- मनोज तिवारी

नई दिल्ली । राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में कांग्रेस कन्हैया कुमार को कांग्रेस पार्टी से टिकट मिलने के बाद बीजेपी कैंडिडेट मनोज तिवारी ने कहा कि वो अपनी मानसिकता का परिचय दे रही है। चुनाव में तो कोई भी प्रत्याशी बनकर आ सकता है। मनोज तिवारी ने कहा कि आज कांग्रेस और आप पार्टी का कार्यकर्ता निराश होकर बैठ गया होगा और बहुत निराश होगा। कोई इसको स्वीकार नहीं करेगा। मेरा मानना है कि हमारे क्षेत्र में जो भी आएगा 14 हजार 600 करोड़ का काम देखेगा। हमारे क्षेत्र में जाम होने वाले बड़े-बड़े चौराहे निर्बाध गति से चल रहे हैं। कांग्रेस ने उत्तर-पूर्वी दिल्ली से कन्हैया कुमार को टिकट दिया है।

# 4 जून के बाद भ्रष्टाचारियों के खिलाफ तेज होगी मोदी सरकार की कार्रवाई: नड्डा



**रामनाथपुरम (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने तमिलनाडु में रामनाथपुरम जिले के परमकुडी में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के प्रत्याशी और पूर्व मुख्यमंत्री ओ पन्नीरसेल्वम के समर्थन में रोड शो किया। दरअसल अन्नाद्रमुक से निष्कासित पन्नीरसेल्वम भाजपा नीत राजग के तहत निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में रामनाथपुरम से लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। तमिलनाडु में 19 अप्रैल को मतदान होगा।

राज्य की स्टालिन सरकार पर निशाना साधते हुए नड्डा ने इस पार्टी के लोगों पर 'बालू घोटाले में लिप्त होने का आरोप लगाया और कहा कि द्रमुक का मतलब, डी यानी डायनेस्टी (वंशवाद), एम यानी मनी स्विंडलिंग (पैसे की हेराफेरी) और के यानी कट्टापंचायत (कंगारू अदालत) है। राष्ट्रीय अध्यक्ष नडडा ने कहा कि चार जून के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी जाएगी और ''ये सभी लोग जेल में होंगे या जमानत पर होंगे। देश में सात चरणों में लोकसभा चुनाव होने के बाद चार जून को मतगणना होगी। नड्डा ने विशेष रूप से तैयार किये गये एक खुले वाहन में सवार होकर रोड शो किया।

उन्होंने पन्नीरसेल्वम की तारीफ कर उन्हें ऐसा ''वरिष्ठ नेता बताया जो अनुभवी एवं परिपक्व हैं तथा जिन्होंने तमिलनाडु की खातिर संघर्ष किया है।''नडडा ने कहा कि मोदी ने कोष आवंटन में इस दक्षिणी राज्य के साथ 'विशेष बर्ताव' किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने ''तमिल संस्कृति एवं को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पहुंचाया। उन्होंने कहा कि राजग के पिछले एक दशक के शासनकाल में देश ने विभिन्न क्षेत्रों में तेज छलांग लगाई है तथा 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर लाया गया है।

## विदेश मंत्री एस जयशंकर ने डिजिटल लेनदेन पर जोर दिया



नई दिल्ली । देश के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने डिजिटल लेनदेन पर जोर दिया है। इससे पहले जयशंकर ने 2008 के मुंबई हमलों के बाद नीति में निर्णायक बदलाव के लिए प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी को श्रेय देते हुए सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ भारत के दृढ़ रुख की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि प्रमुख आतंकवादी घटनाओं का युग हमारे पीछे है। आज किसी भी आतंकवादी कृत्य पर भारत की प्रतिक्रिया का उदाहरण उरी में हमारी कार्रवाई है। राजस्थान के बीकानेर में एक कार्यक्रम में बोलते हुए विदेश मंत्री ने कहा कि भारत में मासिक रूप से 120 करोड़ रुपये का लेनदेन होता है जबकि संयुक्त राज्य अमेरिका में एक वर्ष में केवल 40 करोड़ रुपये का लेनदेन ही होता है। जयशंकर ने अन्य देशों के संदेह का मुकाबला करते हुए भारत में लोकतंत्र की प्रभावशीलता पर प्रकाश डाला। एक सभा में उन्होंने कहा कि कैशलेस भुगतान के लिए यूपीआई के आगमन के साथ ही भारत की मासिक लेनदेन मात्रा 120 करोड़ रुपये तक पहुंच गई है जो अमेरिका के वार्षिक आंकड़े को भी पार कर गई है। इस प्रगति को विश्व स्तर पर मान्यता और सराहना मिली है। उन्होंने बताया कि कई देशों के विपरीत जहां चुनावी प्रक्रिया पर सवाल उठाए जाते हैं भारत के चुनाव इसके लोकतंत्र के सुचारू कामकाज का एक प्रमाण हैं। लोकतंत्र ने भारत में परिणाम देने की अपनी क्षमता साबित की है यह इस धारणा के विपरीत है कि यह विकास में बाधा डालता है। 100 करोड़ लोगों को शामिल करने वाली निर्बाध मतदान प्रक्रिया दुनिया के लिए एक आश्चर्य है और एक उपलब्धि है जिस पर हमें गर्व होना चाहिए।

# अरुणाचल प्रदेश की महिलायें बोलीं- मोदी जी की सरकार में राज्य का भाग्य ही बदल गया



**ईटानगर (एजेंसी)।** अरुणाचल प्रदेश की महिलाओं ने कहा कि पहले हमारे पास ना पहनने के लिए अच्छे कपड़े होते थे ना राशन पूरा मिलता था। ना ही मेडिकल सुविधाएं थीं और सड़कों की स्थिति अच्छी नहीं होने से आवाजाही में दिक्कत होती थी, लेकिन केंद्र में जबसे मोदी जी की सरकार आई है तबसे इस राज्य का भाग्य ही बदल गया है।

लोगों ने बताया कि पिछले साल जब जी 20 समूह की बैठक अरुणाचल प्रदेश में आयोजित की गयी थी तो विदेशी मेहमानों ने यहां की आवभगत देखी व यहां का विकास भी देखा और यहां की संस्कृति से परिचित हुए। लोगों ने कहा कि पहले लोग अरुणाचल प्रदेश को सिर्फ मानचित्र में देखा करते थे लेकिन अब पूरी दुनिया अरुणाचल की संस्कृति से रूबरू हुई है तो इसका पूरा श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जाता है।


यही नहीं अरुणाचल प्रदेश कुछ उन राज्यों में शुमार है जहां विधानसभा और लोकसभा के चुनाव साथ हो रहे हैं। पूर्वोत्तर राज्य अरुणाचल में लोकसभा की दो सीटें हैं और विधानसभा की 60 सीटें हैं। जब हमने कई लोगों से बातचीत की। लोगों ने कहा कि हमें केंद्र में मोदी और राज्य में पेमा खांडू की सरकार पर विश्वास है क्योंकि यह सरकारें गरीबों का पूरा ख्याल रख रही हैं। हर तरह की मदद सीधे उनके खाते में आती है। विधानसभा की 10 सीटों पर एक ही उम्मीदवार होने की वजह से उन्हें निर्वाचित घोषित किया जा चुका है। इसलिए चुनाव बाकी की 50 विधानसभा सीटों पर कराये जा रहे हैं। अरुणाचल प्रदेश विधानसभा चुनावों के लिए मतगणना 2 जून को कराई जायेगी जबकि लोकसभा चुनावों के लिए दोनों सीटों के मतों की गणना देश की सभी लोकसभा सीटों की मतगणना के साथ 4 जून को होगी।

लोगों ने कहा कि चीन चाहे जितनी आंखें दिखाता रहे, लेकिन हर अरुणाचली भारतीय है और अपने देश के साथ चट्टान की तरह खड़ा है। लोगों ने बताया कि वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के तहत जिस तरह सीमावर्ती गांवों का विकास हुआ है। उससे सिर्फ वहां के निवासियों को ही लाभ नहीं हुआ है बल्कि इससे सुरक्षा के हालात भी बेहतर हुए हैं। लोगों ने बताया कि सुदूर क्षेत्रों में पुलों और सड़कों का जो जाल बिछाया गया है। उससे हमारे सुरक्षा बलों के लिए कहीं भी कभी भी पहुँचना आसान हो गया है जिससे दुश्मन भी हैरत में है।

लोगों ने बताया कि जिस तरह यहां डबल इंजन सरकार जल विद्युत परियोजना के क्षेत्र में काम कर रही है। उससे आने वाले दिनों में अरुणाचल की किस्मत बदलने वाली है क्योंकि तब हम पूरे देश को बिजली दे रहे होंगे। जब ईटानगर से सटे कुछ गांवों का दौरा किया तो पाया कि वहां पक्की सड़कें और बुनियादी ढांचागत परियोजनाएं पर्याप्त हैं। लोगों ने कहा कि कांग्रेस भले न्याय की गारंटी देने की बात कर रही हो लेकिन हमें मोदी की गारंटी पर विश्वास है। लोगों ने कहा कि भाजपा ने विकसित भारत व विकसित अरुणाचल प्रदेश के लिए जो संकल्प पत्र जारी किया है हम उससे संतुष्ट हैं और हमें विश्वास है कि उसमें किये गये वादे पूरे किये जायेंगे।

## बाबा रामदेव को माफ करने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार, 23 को फिर होंगे पेश





### -पतंजलि के भ्रामक विज्ञापन मामले में योग गुरु और आचार्य बालकृष्ण को फिर झटका

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पतंजलि के भ्रामक विज्ञापन मामले में योग गुरु रामदेव और आयुर्वेद के आचार्य बालकृष्ण को सुप्रीम कोर्ट से कोई भी राहत नहीं दी। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार भी बाबा रामदेव को माफ करने से इनकार कर दिया और उन्हें 23 अप्रैल को पेश होने का आदेश दिया।

एलोपैथी के खिलाफ पतंजलि के भ्रामक विज्ञापन मामले में योग गुरु रामदेव अपने सहयोगी बालकृष्ण के साथ सुप्रीम कोर्ट में पेश हुए। योग गुरु रामदेव ने सुप्रीम कोर्ट से माफी मांगी, लेकिन कोर्ट ने उन्हें माफ करने से साफ इनकार कर दिया। रामदेव से जस्टिस हिमा कोहली ने कहा कि 'आपने जो किया है उसके लिए क्या हम आपको माफी दे दें? आपको पता है कि आपने क्या किया?' इस पर बाबा रामदेव ने कहा कि हमसे भूल हुई है, उसके लिए हमने माफीनामा भी पेश किया है और हम फिर माफी मांग रहे हैं।

सुप्रीम कोर्ट से बाबा रामदेव ने दोबारा कहा कि हम माफी मांग रहे हैं और भविष्य में सौ फीसदी इसका ख्याल रखेंगे और इसकी पुनरावृत्ति नहीं होगी। इस पर कोर्ट ने कहा कि अभी हमने मन नहीं बनाया कि आपको माफ करें कि नहीं.. एक नहीं तीन बार आपने उल्लंघन किया है। आप इस तरह की बात मत करिए। आपके रवैये से यह नहीं लगता। हम आदेश जारी करेंगे नहीं। कोर्ट ने कहा 23 अप्रैल को मामले की फिर सुनवाई करेंगे और फिर से दोनों को कोर्ट में पेश होना होगा। बता दें कि इससे पहले की सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने योग गुरु रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद के आचार्य बालकृष्ण के उन हलफनामों को स्वीकार करने से इनकार कर दिया था, जिसमें उन्होंने भ्रामक विज्ञापन प्रकाशित करने के लिए बिना शर्त माफी मांगी थी।

## सीएम मान बोले- केजरीवाल को जेल में वे सुविधाएं भी नहीं जो कट्टर अपराधियों को मिलती हैं



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने तिहाड़ जेल में आप पार्टी के संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से मुलाकात की। उन्होंने केजरीवाल से ग्लास सेपरेशन के जरिए मुलाकात की और उनकी आधे घंटे लंबी मुलाकात हुई। उन्होंने कहा कि यह देखकर बहुत दुख हुआ कि उन्हें वे सुविधाएं भी नहीं मिल रही हैं जो कट्टर अपराधियों को मिलती हैं। उसकी गलती क्या है? आप उनके साथ ऐसा व्यवहार कर रहे हैं मानो आपने देश के सबसे बड़े आतंकवादियों में से एक को पकड़ लिया हो।

सीएम मान ने कहा कि पारदर्शिता की राजनीति शुरू करने वाले और भाजपा की राजनीति खत्म करने वाले कटर ईमानदार अरविंद केजरीवाल के साथ ऐसा ही व्यवहार किया जा रहा है। जब मैंने पूछा कि वह कैसे हैं तो उन्होंने कहा कि मेरे बारे में भूल जाओ मुझे यह बताओ कि पंजाब में चीजें कैसी चल रही हैं? क्योंकि हम काम की राजनीति करते हैं। वहीं आप नेता संदीप पाठक ने कहा कि हम सभी ने अरविंद केजरीवालजी से पूछा कि वह कैसे हैं। उन्होंने कहा मेरे बारे में चिंता करना बंद करो मुझे बताओ कि लोग कैसे हैं। क्या उन्हें मुफ्त बिजली मिल रही है? उन्होंने बिजली कटौती के बारे में भी पूछा। उन्होंने पूछा कि जो दवाएँ पहले उपलब्ध थीं वे अब भी उपलब्ध हैं या नहीं? पाठक ने कहा कि हमने उसे सब कुछ बता दिया। उन्होंने कहा कि अगले सप्ताह से वह चल रहे कार्यों की समीक्षा के लिए एक समय में 2 मंत्रियों को यहां बुलाएंगे। उन्होंने मुझसे यह भी कहा कि मैं हर विधायक से मिलूं और उनसे कहूं कि हर गली में जाकर देखूं कि लोगों को कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए और हम जितना करते थे उससे 10 गुना ज्यादा लोगों की सेवा करनी है।

# सलमान खान के घर फायरिंग मामले में दोनों आरोपियों को 10 दिन की पुलिस हिरासत



**मुंबई, (एजेंसी)।** रविवार तड़के बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के घर पर फायरिंग करने वाले दोनों आरोपियों को मुंबई पुलिस गिरफ्तार करने में सफल रही. आरोपियों को मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने गुजरात के भुज से गिरफ्तार किया था। इसके बाद आरोपियों को मंगलवार दोपहर में मुंबई लाया गया. आरोपियों को किला कोर्ट में पेश किया गया. इस दौरान पुलिस ने अदालत से आरोपियों को 14 दिन की पुलिस हिरासत देने का अनुरोध किया. लेकिन कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया और कुछ देर बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया. कोर्ट ने आरोपी को 10 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया है. सुनवाई के दौरान पुलिस ने कोर्ट को बताया कि इस मामले में एक अंतरराष्ट्रीय रैकेट शामिल है. आरोपियों पर बिहार, हरियाणा, पंजाब और गुजरात के साथ-साथ उत्तर प्रदेश में भी मुकदमा चलाया जाना है। इस सुनवाई के दौरान पुलिस ने कोर्ट में अनमोल बिश्नोई की पोस्ट पढ़ी. पुलिस ने अदालत को यह भी बताया कि वह गोलीबारी में इस्तेमाल की गई पिस्तौल को जब्त करना चाहती है. पुलिस ने कोर्ट में खुलासा किया कि आरोपी सलमान खान के पनवेल फार्म हाउस के पास किराए पर रहने आया था. पुलिस ने यह भी कहा कि आरोपियों ने सांताक्रूज रेलवे ट्रैक के पास अपने कपड़े बदले और वहां से भाग गए. आपको बता दें कि मुंबई के बांद्रा में गैलेक्सी अपार्टमेंट में सलमान खान के घर पर 14 अप्रैल को सुबह करीब 5 बजे दो अज्ञात बाइक सवार हमलावरों ने गोलीबारी की। आरोपियों ने सलमान खान के घर पर चार राउंड फायरिंग की थी. फिलहाल मुंबई पुलिस इस मामले की जांच कर रही है. उधर इस मामले में आरोपी विशाल राहुल की गिरफ्तारी से जांच एजेंसियां अलर्ट हो गई हैं. क्षेत्र में सक्रिय संगठित अपराध नेटवर्क की सीमा के बारे में सवाल उठाए गए हैं। जांच से पता चला है कि विशाल, जिसे कालू के नाम से जाना जाता है, हरियाणा में कई हत्याओं और डकैतियों सहित कई जघन्य अपराधों में शामिल था। विशाल उर्फ कालू लॉरेंस बिश्नोई गैंग का शूटर है. विशाल गुड़गांव का रहने वाला है. वह राजस्थान में गोदारा नाम के गैंगस्टर के लिए काम करता है। उस पर मूसवाला सहित कई हाई-प्रोफाइल हत्याओं में शामिल होने का आरोप है। हाल ही में वह लॉरेंस बिश्नोई के निर्देश पर रोहतक में एक सट्टेबाज की हत्या में शामिल था।

# .... क्या गडकरी को अपने ही गढ़ में हराने की व्यूह रचना दिल्ली से की गई

### - औवेसी और आंबेडकर की पार्टी ने नहीं उतारे उम्मीदवार

**नागपुर (एजेंसी)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मुख्यालय के अलावा महाराष्ट्र का नागपुर संतरों के लिए दुनिया अलग ही पहचान रखता है। लेकिन अब नागपुर को केंद्रीय मंत्री गडकरी का गढ़ भी माना जाने लगा है। पिछले 10 साल में गडकरी ने गली-मोहल्ले छान मारे और शायद ही ऐसा कोई इलाका शेष हो, जहां उन्होंने काम न किया हो। हालांकि, इस बार गडकरी को चुनौती देने वाले विकास ठाकरे को बिना मांगे ही प्रकाश आंबेडकर की वंचित बहुचन विकास आघाडी ने समर्थन दे दिया है और एमआईएम ने भी उम्मीदवार नहीं उतारा है। गडकरी के लिए यह व्यूह रचना ठीक नहीं मानी जा रही है। सवाल उठ रहे हैं कि कांग्रेस उम्मीदवार ठाकरे को वंचित के समर्थन देने के पीछे कौन सी शक्तियां खड़ी हैं? एमआईएम के उम्मीदवार न उतारने का कारण क्या है, जबकि बीजेपी के विरोधी आरोप लगाते हैं कि आंबेडकर और एमआईएम बीजेपी की बी टीम है। इसके बाद नागपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में यह चर्चा जोरों पर है कि क्या गडकरी को घेरने के लिए यह चक्रव्यूह रचा गया है?

आंबेडकर की वंचित ने यहां से उम्मीदवार नहीं उतारा और ओवैसी की पार्टी एमआईएम ने भी उम्मीदवार नहीं दिया है, जबकि कांग्रेस ने आंबेडकर से समर्थन नहीं मांगा था। महाराष्ट्र की राजनीति को करीब से जानने वाले कहते हैं कि किसके कहने पर वंचित ने कांग्रेस उम्मीदवार को समर्थन दिया है। एमएमआई के उम्मीदवार नहीं उतारने का कारण क्या है, इस पर शक दिल्ली की ओर जाता है। यह बात गडकरी को कचोट रही है, तब कांग्रेस खेमा उत्साहित है। इस बार गडकरी के सामने कांग्रेस ने इसी क्षेत्र के विधायक विकास ठाकरे को उम्मीदवार बनाया है। विकास नागपुर के मेयर रहे हैं। नागपुर महानगरपालिका में कई साल तक नेता विपक्ष रहे हैं। शहर पर उनकी अच्छी पकड़ है और जिस कुनबी समाज से आते हैं, उस समाज के वोटर्स की संख्या 6 लाख के करीब है। विकास का चुनाव प्रचार करने के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे आए, जबकि गडकरी के चुनाव प्रचार के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। वंचित ने जब से कांग्रेस उम्मीदवार को समर्थन देने की घोषणा की है, तब से गडकरी खेमा अलर्ट मोड पर है। चुनाव प्रचार में गडकरी का पूरा परिवार उतर गया है। गडकरी के व्यावहारिक होने के कारण उनके चुनाव प्रचार के लिए देश के कोने-कोने से लोग आ रहे हैं।

**क्या है जातीय समीकरण**

नागपुर लोकसभा चुनाव क्षेत्र में 22.23 लाख मतदाता हैं, जिसमें हिंदीभाषी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। करीब साढ़े चार लाख हिंदीभाषी मतदाता है, जिसमें करीब 3 लाख के आस-पास उत्तर प्रदेश, बिहार के हैं। करीब साढ़े 3 लाख मुस्लिम मतदाता हैं। कुनबी, तेली, दलित के चार-चार लाख के करीब मतदाता हैं। इनमें कांग्रेस के उम्मीदवार ठाकरे कुनबी समाज से हैं। उनका दावा है कि कुनबी, दलित, मुस्लिम और हिंदीभाषी समाज उनके साथ है। तेली समाज के समर्थन का दावा भी ठाकरे कर रहे हैं। दूसरी ओर, गडकरी का दावा करते हैं कि उन्हें सभी समाज का समर्थन हासिल है और वह पिछली बार से ज्यादा वोट हासिल कर जीत रहे हैं। कांग्रेस को और ज्यादा मार्जिन से हराएंगे।



गडकरी का मिलनसार स्वभाव उन्हें अन्य नेताओं से कुछ अलग जरूर करता है। जातीय समीकरण साधने के लिए गडकरी ने ओबीसी समाज के विकास के लिए संवैधानिक दर्जा प्राप्त आयोग का गठन में योगदान दिया।



# प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या में पहली रामनवमी आज

**● 25 लाख श्रद्धालु आएंगे, 90 फ्लाइट और लगभग 100 ट्रेनें चलेंगी ● स्वर्ण जड़ित पीली-गुलाबी पोशाक पहनेंगे रामलला, होगा सूर्य तिलक**

अयोध्या (एजेंसी)। कल बुधवार को रामनवमी है। अयोध्या में इस मौके पर दोपहर 12 बजे रामलला का सूर्य तिलक होगा। इस दौरान अभिजीत मुहूर्त रहेगा। वाल्मीकि रामायण के मुताबिक त्रेतायुग में इसी समय श्रीराम का जन्म हुआ था। श्रीराम जन्म पर पूजा और व्रत करने की परंपरा है। पूजा के लिए करीब ढाई घंटे का एक ही मुहूर्त है, जो सुबह 11.05 बजे से दोपहर 1.35 बजे तक रहेगा। 1992 से रामलला के मुख्य पुजारी रहे सत्येंद्र दास और मौजूदा पुजारी पं. संतोष तिवारी से आसान पूजा विधि लिखवाई। इस विधि के



मुताबिक आप घर में ही श्रीराम की पूजा कर सकते हैं। दोपहर 12 बजे जब रामलला का सूर्य तिलक होगा, उस समय केदार, गजकेसरी, पारिजात, अमला, शुभ, वाशि, सरल, काहल और रवियोग बनेंगे। इन 9 शुभ योग में रामलला का सूर्य तिलक होगा। श्रद्धालुओं को सुगम रास्तों से लाने से लेकर लोकल कन्वेंस और पार्किंग की पूरी तैयारियां की गई हैं। 16, 17, 18 अप्रैल इन तीन दिनों में अयोध्या में 90 फ्लाइट उतरेंगी, 100 ट्रेनें पहुंचेंगी और 500 बसें लगाई गई हैं। शहर को सुरक्षा के लिहाज से 7 जोन और 39 सेक्टर में बांटा गया है। रामनवमी पर अयोध्या में प्रदेश भर से एक लाख से ज्यादा निजी वाहन पहुंचने का अनुमान है। जिला प्रशासन ने एक साथ एक समय पर 10 हजार से ज्यादा वाहन खड़े करने के इंतजाम किए हैं। इसके लिए अलग-अलग इलाकों में 35 पार्किंग स्थल बनाए गए हैं। प्रशासन का मानना है कि एक साथ एक समय पर करीब दस हजार वाहन ही खड़े होंगे बाकी मूविंग में होंगे इसके लिए ट्रैफिक का पूरा इंतजाम किया गया है। रामनवमी मेले की तैयारी में उत्तर प्रदेश रोडवेज भी पीछे नहीं है।

## संक्षिप्त समाचार

### नौंवा दिवस



**नौंवा स्वरूप सिद्धिदात्री**

मां सिद्धिदात्री आपको जीवन में अद्भुत सिद्धि, क्षमता प्रदान करती हैं ताकि आप सब कुछ पूर्णता के साथ कर सकें।

सिद्धि का क्या अर्थ है। सिद्धि, सम्पूर्णता का अर्थ है विचार आने से पूर्व ही काम का हो जाना। आपके विचारमात्र, से ही, बिना किसी कार्य किये आपकी इच्छा का पूर्ण हो जाना यही सिद्धि है।

### सलमान खान के घर फायरिंग के आरोपी रिमांड पर

मुंबई (एजेंसी)। एक्टर सलमान खान के घर के बाहर फायरिंग करने वाले दो आरोपियों को मुंबई के किला कोर्ट ने 10 दिन की पुलिस रिमांड में भेज दिया है। दोनों आरोपियों को मुंबई क्राइम ब्रांच ने सोमवार देर रात गुजरात के भुज से अरेस्ट किया था। उन्हें मंगलवार



दोपहर मुंबई लाया गया। पुलिस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि आरोपियों की पहचान विक्की गुप्ता और सागर पाल के तौर पर हुई है, जो बिहार के रहने वाले हैं। इन्होंने सलमान के घर की तीन रेकी की थीं और पांच राउंड फायर किए थे। आरोपियों ने जिस पिस्तौल से फायरिंग की थी, उसे रिकवर नहीं किया जा सका है। पुलिस ने कहा कि दोनों आरोपी सलमान के पनवेल वाले फार्म हाउस से 10 किमी दूर रुके थे।

# पूर्णिया में पीएम बोले-इंडी वाले भ्रष्टाचारियों को बचाने में लगे

● हम उनको हटाने में लगे हैं, इन पर अगले 5 साल और कड़ाई होगी

● इंडी गठबंधन वाले एक भी सीट जीतने के लायक नहीं

**पीएम बोले- बाबा साहेब अंबेडकर भी संविधान को नहीं बदल सकते**

**गया/पूर्णिया (एजेंसी)।** पीएम नरेंद्र मोदी बिहार में मंगलवार को 3 घंटे रहे। उन्होंने गया और पूर्णिया में जनसभा की। पीएम ने संविधान, भ्रष्टाचार, राम मंदिर और आतंकवाद पर इंडी गठबंधन को घेरा। उन्होंने पूर्णिया में कहा कि घमंडिया गठबंधन के लोग सनातन को मिटाने में लगे हैं। जिसको किसी ने नहीं पूछा हम उनको पूज रहे हैं। हम भ्रष्टाचार को मिटाने में लगे हैं और वे बचाने में लगे हैं। भ्रष्टाचार के ठिकाने को बचाने के लिए सभी एक हो रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि पहले देश में जवानों की शहादत होती थी। आपको गुस्सा होती थी, इन्हें घर में घुसकर मारो। आज जो देश हमें आंखें दिखाता



था वो आज कटोरा लेकर भटक रहा है। जो लोग संविधान बदलने का कह रहे हैं उन्होंने कई दशकों तक काम किया, लेकिन वो कभी बाबा साहेब का संविधान कश्मीर में लागू नहीं करवा पाए। ये मोदी है, आज जम्मू-कश्मीर में भी संविधान आन-बान और शान से लागू हो गया है। ये कहते थे 370 हटी तो कश्मीर में आग लग जाएगी। आज आर्टिकल-370 का एंड हो चुका है। भारत को बांटने वालों को जलन हो रही है। ये लोग राम मंदिर के लिए भी यही कहते थे। राम मंदिर बना तो देश में आग लग जाएगी।

पीएम ने आगे कहा कि आप ही बताइए, क्या ऐसे लोग एक भी सीट जीतने के लायक हैं क्या। इनको सजा मिलनी चाहिए एक एक को साफ़ करना चाहिए। बिहार में ये वोट भी नीतिश जी के कामों पर, केंद्र के कामों पर मांगते हैं। इनके पास कोई विजन नहीं हैं। ये लोग नीतिश जी के काम का और केंद्र सरकार के कामों का क्रेडिट लेना जानते है। आरजेडी इतने साल रही लेकिन इनकी हिम्मत नहीं हैं कि ये अपने कार्यकाल की कार्यों की चर्चा करे। घमंडिया गठबंधन के लोगों को भगवान राम से भी परेशानी है। राममंदिर को लेकर क्या-क्या बोलते हैं। इन लोगों ने राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण ठुकरा दिया। ये हमारी संस्कृति नहीं है। ये हमारी परंपरा नहीं है।

# राहुल बोले-मोदी 5-6 बड़े बिजनेसमैन की कठपुतली हैं

**● केरल में रोड शो के दौरान कहा-आरएसएस और बीजेपी संविधान को नष्ट कर रही**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के चार दिन के केरल दौरे का मंगलवार को दूसरा दिन है। उन्होंने आज कोझिकोड के कोडियाथुर में रोड शो किया। इस दौरान राहुल ने कहा- आरएसएस और बीजेपी कथित तौर पर संविधान को नष्ट करने की कोशिश कर रही है। पीएम मोदी भारत के 5-6 बड़े बिजनेसमैन की कठपुतली बन गए हैं। मोदी में देश चलाने की समझ नहीं है। उनका काम लोगों को असली मुद्दों से भटकाना है। जब लोग कोविड से मर रहे थे, तब पीएम कह रहे थे थाली बजाओ। इसपर मीडिया ने उन्हें जीनियस



कहा। अगर देश के किसी अन्य नागरिक ने थाली बजाओ कहा होता तो उसे लाठी से पीटा जाता या जेल में डाल दिया जाता। इसके अलावा एएनआई को दिए इंटरव्यू में इलेक्टोरल बॉन्ड को लेकर मोदी के जवाब पर राहुल ने कहा- वे कहते हैं कि राजनीति में पारदर्शिता लाने के लिए ऐसा स्कीम लाई गई थी। अगर ऐसा था तो नाम क्यों छिपा रखे थे। जब सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि डेटा सामने आना चाहिए, इसे कौन रोक रहा था क्यों रोक रहा था। ये हिन्दुस्तान की सबसे बड़ी हफ्ता मांगने की योजना है। राहुल गांधी ने कल भी (15 अप्रैल) कोझिकोड में चुनावी रैली की थी। वे 17 से 18 अप्रैल तक कन्नूर,कोट्टायम, त्रिशूर, तिरुवनंतपुरम और अलप्पुझा,पलक्कड़ में चुनावी रैलियां करेंगे।

**विज्ञापन केस**

# पतंजलि ग्रुप ने सुप्रीम कोर्ट में फिर मांगी माफी

**रामदेव बोले-काम के उत्साह में ऐसा हो गया,कोर्ट ने कहा-आप इतने मासूम नहीं हैं**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पतंजलि भ्रामक विज्ञापन केस में मंगलवार को एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस अमानतुल्लाह की बेंच के सामने बाबा रामदेव और बालकृष्ण तीसरी बार पेश हुए। बाबा रामदेव के वकील मुकुल रोहतगी ने कहा- हम कोर्ट से एक बार फिर माफी मांगते हैं। हमें पछतावा है। हम जनता के बीच माफी मांगने को तैयार हैं। कोर्ट ने कहा- हम बाबा रामदेव को सुनना चाहते हैं। जस्टिस कोहली ने कहा- आपने (रामदेव) योग के लिए बहुत कुछ किया है। आपका सम्मान है, लेकिन आपने ये जो स्टेटमेंट दिया है- परम आदरणीय जज साहिब महोदया। अनकंडीशनली जो भी हमसे हुई हम अपोलोजाइज किए हैं। जिस चीज का आप प्रचार कर रहे हैं, हमारी संस्कृति में ऐसी कई चीजें हैं। लोग सिर्फ एलोपैथी नहीं, घरेलू पद्धतियां भी इस्तेमाल कर रहे हैं। नानी के नुस्खे भी। आप अपनी पद्धतियों के लिए दूसरों (एलोपैथी) को गलत क्यों बता रहे हैं। रामदेव ने कहा- किसी को भी गलत बताने का हमारा कोई इरादा नहीं था। आयुर्वेद को रिसर्च बेस्ड एविडेंस के लिए तथ्य पर लाने



के लिए पतंजलि ने प्रयास किए हैं। आगे से इसके प्रति जागरुक रहूंगा। कार्य के उत्साह में ऐसा हो गया। आगे से नहीं होगा। इस पर कोर्ट ने कहा- आप इतने मासूम नहीं हैं। ऐसा लग नहीं रहा है कि कोई हृदय परिवर्तन हुआ हो। अभी भी आप अपनी बात पर अड़े हैं। हम इस मामले को 23 अप्रैल को देखेंगे। आप दोनों (रामदेव-बालकृष्ण) उस दिन भी कोर्ट में मौजूद रहें। पतंजलि ने 2 और 9 अप्रैल को भी माफी मांगी, कोर्ट ने कहा- ये सिर्फ खानापूर्ति है बाबा रामदेव की तरफ से 2 अप्रैल को जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस अमानतुल्लाह की बेंच में माफीनामा दिया गया था। बेंच ने पतंजलि को फटकार लगाते हुए कहा था कि ये माफीनामा सिर्फ खानापूर्ति के लिए है। आपके अंदर माफी का भाव नहीं दिख रहा। इसके बाद कोर्ट ने 10 अप्रैल को सुनवाई की तारीख तय की थी। 10 अप्रैल की सुनवाई से ठीक एक दिन पहले (9 अप्रैल को) बाबा रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद के मैनेजिंग डायरेक्टर आचार्य बालकृष्ण ने नया एफिडेविट फाइल किया। इसमें पतंजलि ने बिना शर्त माफी मांगते हुए कहा कि इस गलती पर उन्हें खेद है और ऐसा दोबारा नहीं होगा। सुप्रीम कोर्ट 17 अगस्त 2022 को दायर की गई याचिका पर सुनवाई कर रहा है।

# यूपीएससी का रिजल्ट जारी,लखनऊ के आदित्य ने किया टॉप

● सिविल सर्विसेज में 1016 कैंडीडेट सिलेक्ट, इनमें से 180 आईएएस और 200 आईपीएस बनेंगे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संघ लोक सेवा आयोग ने मंगलवार को सिविल सर्विसेज एग्जामिनेशन- 2023 का रिजल्ट जारी कर दिया। 1016 कैंडीडेट्स इंडियन एडमिनिस्ट्रेटिव सर्विस, इंडियन पुलिस सर्विस और इंडियन फॉरेन सर्विस के लिए चुने गए हैं। 180 आईएएस और 200 आईपीएस अफसर बनेंगे। लखनऊ के आदित्य श्रीवास्तव ने ऑल इंडिया रैंक 1



हासिल की है। वहीं, अनिमेष प्रधान दूसरी और अनन्या रेड्डी को तीसरी रैंक मिली है। आदित्य ने अपनी पढ़ाई लखनऊ के प्राइवेट स्कूल की अलीगंज ब्रांच से की है। पिछले साल आदित्य की 216 रैंक थी। वो फिलहाल हैदराबाद की ट्रेनिंग एकेडमी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। उनका परिवार लखनऊ के विकास नगर में रहता है। आदित्य ने 2014 में 12वीं की परीक्षा करीब 98.4 फीसदी अंक के साथ पास की थी। पिछले दो सालों से यूपीएससी सिविल सर्विसेज एग्जाम में महिलाओं ने टॉप किया। 2022 में इशिता किशोर ने रैंक 1 हासिल की थी। 2021 में श्रुति शर्मा ने ऑल इंडिया रैंक 1 हासिल की थी। 2022 में गरिमा लोहिया, उमा हरथी एन और स्मृति मिश्रा टॉप रैंकर्स में थीं। 2021 में टॉप तीन रैंक पर लड़कियां थीं। अंकिता अग्रवाल ने रैंक 2 हासिल की थी, जबकि चंडीगढ़ की गामिनी सिंगला ने रैंक 3 हासिल किया था।


**CHANGE OF NAME**

I **UDAY CHANDUBHAI PATEL** resident of Kachigam Daman having graduation certificate with the name as UDAI CHANDUBHAI PATEL herby declare that **UDAY CHANDUBHAI PATEL AND UDAI CHANDUBHAI PATEL** are the Names of one and Same person, i.e., myself.

**SD/- UDAY CHANDUBHAI PATEL**

**Add.** 201/1, Dungri Falia, Kachigam, Nani Daman

**CHANGE OF NAME**

I HITHERTO KNOWN AS MAYANK NARESH CHAVDA S/O. **NARESHKUMAR SOMA** RESIDING AT HOUSE NO.:-940, VANIYAWADI, SAUDWADI, VANAKBARA, DIU, DIU, PIN CODE: - 362520,(U.T DNH & DD) HAVE CHANGED MY NAME AND SHALL HEREAFTER BE KNOWN AS MAYANK NARESHKUMAR.

**CHANGE OF NAME**

I HITHERTO KNOWN AS LAXMIKANT SHAMALDAS MAKWANA S/O. **SAMALDAS ARICHANDE** RESIDING AT HOUSE NO - 735, SURAJVAV, DIU, DIU, PIN CODE - 362520,(U.T DNH & DD) HAVE CHANGED MY NAME AND SHALL HEREAFTER BE KNOWN AS **LAXMICANT SAMALDAS.**

**CHANGE OF NAME**

I HAVE CHANGED MY NAME FROM **OLD NAME - TANDEL AGNESH RATILAL** TO **NEW NAME - AGNESH RATILAL** RESIDENT OF H NO. 9-305,MOTEGAM SHERI - 1,NANI DAMAN,DAMAN,DAMAN AND DIU - 396210

**CHANGE OF NAME**

I HAVE CHANGED MY OLD SURNAME FROM MOHAMMAD AARIF ABDUL RAJJAK DAMNIYA TO **NEW SURNAME MOHAMMAD AARIF ABDUL RAJJAK DAMANIYA** & I WILL BE KNOWN AS MY NEW SURNAME WHICH PLEASE NOTE

**SD:- MOHAMMAD AARIF ABDUL RAJJAK DAMANIYA**

**ADD :-** PATILPADA, UDHAWA ROAD, AT/POST/ TAL-TALASARI, **PALGHAR, MAHARASHTRA.**

**PASSPORT - LOSS OR FOUND**

I, **MUMUKSHU RAVINDRA PATEL** had missed My cancel **OLD PASSPORT NO.: N8650653 and W4855856** if anyone found. Please contact me on my moblie number : 9426892852.

I am staying at Yogi Hospital, Kilvani Road, Amli, Silvassa, D&N.H. (U.T.)

**PASSPORT - LOSS OR FOUND**

I, **MEGHA RAVINDRA PATEL** had missed My cancel **OLD PASSPORT NO.: N8369721** if anyone found. Please contact me on my moblie number : 9426892852.

I am staying at Yogi Hospital, Kilvani Road, Amli, Silvassa, D&N.H. (U.T.)


**कयामत की निशानी...**

# मक्का और मदीना के रेगिस्तान अब हो रहे हरे-भरे

**● अनोखे बदलाव देख सहमे लोग, बोले-पैगंबर ने कर दी थी भविष्यवाणी**

**रियाद (एजेंसी)।** सऊदी अरब के रेगिस्तान में आश्चर्यजनक रूप से कुछ असामान्य बदलाव हाल के सालों में सामने आए हैं। भारी बारिश के कारण मक्का और मदीना के आसपास एक जीवंत हरा-भरा नखलिस्तान बन रहा है। रेगिस्तानी इलाके में आती हरियाली स्थानीय लोगों के साथ-साथ आगंतुकों को भी आकर्षित कर रही है। भारी बारिश ने इस बंजर परिदृश्य को समृद्ध वनस्पतियों के हरे-भरे आश्रय में बदल दिया है। रेगिस्तान की मुश्किल परिस्थितियों के बीच अचानक जीवन का उभार प्रकृति के लचीलेपन और पुनर्जीवन की क्षमता का गवाह बन रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, बारिश के आगमन से सूखी धरती पुनर्जीवित हो गई है, जो इसके सामान्य बंजर स्वरूप के उलट है। यह नखलिस्तान ना केवल एक आश्चर्यजनक दृश्य प्रदान करते हुए नई जैव विविधता को भी आश्रय दे रहा है। ये क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के वन्यजीवों को भी आकर्षित कर रहा



है। सऊदी अरब के विशाल रेगिस्तानी विस्तार के एक हिस्से में विशेष रूप से मक्का और मदीना के पवित्र शहरों के आसपास के क्षेत्र में हाल ही में हुई भारी वर्षा के चलते ये आश्चर्यजनक परिवर्तन हुआ है। बारिश ने इन पहले के शुष्क और उजाड़ परिदृश्यों को पुनर्जीवित कर दिया है, जिससे यह हरियाली की उज्ज्वल छटाओं से खिल उठा है। इस क्षेत्र में बदलाव का श्रेय बारिश के पानी को दिया जा रहा है। पानी के प्रवाह ने शुष्क मिट्टी को पुनर्जीवित किया।

# सदैव अनुकरणीय रहेंगे भगवान श्रीराम के आदर्श



योगेश कुमार गोयल

कहा जाता है कि जब सीता का विरह श्रीराम से नहीं सहा गया तो उन्होंने साधारण मनुष्य की भांति विलाप किया लेकिन हिम्मत न हारते हुए सीता जी की खोज में राम-लक्ष्मण जंगलों में भटकने लगे। इसी दौरान उनकी भेंट श्रीराम के अनन्य भक्त हनुमान से हुई, जिन्होंने राम-लक्ष्मण को वानरराज बाली के छोटे भाई सुग्रीव से मिलाया, जो उस समय बाली के भय से यहां-वहां छिपता फिर रहा था।

समूचे भारतवर्ष में प्रतिवर्ष चैत्र मास की शुक्ल पक्ष नवमी को रामनवमी का त्यौहार भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है, जो इस वर्ष 17 अप्रैल को मनाया जा रहा है। मान्यता है कि त्रेता युग में इसी दिन अयोध्या के महाराजा दशरथ की पटरानी महारानी कौशल्या ने मयार्दा पुरूषोत्तम श्रीराम को जन्म दिया था। रामनवमी के दिन श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या में उत्सवों का विशेष आयोजन होता है, जिनमें भाग लेने के लिए देशभर से हजारों भक्तगण अयोध्या पहुंचते हैं। अयोध्या में बन रहे भव्य राम मंदिर में जनवरी महीने में हुई भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के बाद इस बार पहली बार रामनवमी बेहद खास होगी। समूची अयोध्या नगरी इस दिन पूरी तरह राममय नजर आएगी और हर तरफ भजन-कीर्तनों तथा अखण्ड रामायण के पाठ की गूंज सुनाई पड़ेगी। रामनवमी के अवसर पर भगवान राम के दर्शन के लिए इस बार लाखों लोगों के अयोध्या पहुंचने का अनुमान है और इसके लिए राम मंदिर ट्रस्ट द्वारा खास प्रबंध किए गए हैं।

विधि के विधान के अनुसार भगवान श्रीराम को दुष्ट राक्षसों का विनाश करने के लिए ही वनवास मिला था। उन्होंने अपने मानव अवतार में न तो भगवान श्रीकृष्ण की भांति रासलीलाएं खेली और न ही कदम-कदम पर चमत्कारों का प्रदर्शन किया बल्कि उन्होंने सृष्टि के समक्ष अपने क्रियाकलापों के जरिये ऐसा अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया, जिसकी वजह से उन्हें ह्यमयार्दा पुरूषोत्तमह्ण कहा गया। मयार्दा पुरूषोत्तम श्रीराम में सभी के प्रति प्रेम की अगाध भावना कूट-कूटकर भरी थी। उनकी प्रजा वात्सल्यता, न्यायप्रियता और सत्यता के कारण ही उनके शासन को आज भी ह्यआदर्शह्ण शासन की संज्ञा दी जाती है और आज भी अच्छे शासन को ह्यरामराज्यह्ण कहकर परिभाषित किया जाता है। श्रीराम का चरित्र बेहद उदार प्रवृत्ति का था। उन्होंने उस अहिल्या का भी उद्धार किया, जिसे उसके पति ने देवराज इन्द्र द्वारा छलपूर्वक उसका शीलभंग किए जाने के कारण पतित घोषित कर पत्थर की मूर्त बना दिया था। जिस अहिल्या को निर्दोष मानकर किसी ने नहीं अपनाया, उसे भगवान श्रीराम ने अपनी छत्रछाया प्रदान की। लोगों को गंगा नदी पार कराने वाले एक मामूली से नाविक केवट की अपने प्रति अपार श्रद्धा व भक्ति से प्रभावित होकर भगवान श्रीराम ने उसे अपने छोटे भाई का दर्जा दिया और उसे मोक्ष प्रदान किया। अपनी परम भक्त शबरी नामक भीलनी के झूठे बेर खाकर शबरी का कल्याण किया।



महारानी केकैयी ने महाराजा दशरथ से जब राम को 14 वर्ष का वनवास दिए जाने और अपने लाड़ले पुत्र भरत को राम की जगह राजगद्दी सौंपने का वचन मांगा तो दशरथ गंभीर धर्मसंकट में फंस गए थे। वह बिना किसी कारण राम को 14 वर्ष के लिए वनों में भटकने के लिए भला कैसे कह सकते थे और श्रीराम में तो वैसे भी उनके प्राण बसते थे। दूसरी ओर वचन का पालन करना रघुकुल की मयार्दा थी। ऐसे में जब श्रीराम को माता केकैयी द्वारा यह वचन मांगने और अपने पिता महाराज दशरथ के इस धर्मसंकट में फंसे होने का पता चला तो उन्होंने खुशी-खुशी उनकी यह कठोर आज्ञा भी सहज भाव से शिरोधार्य की और उसी समय 14 वर्ष का वनवास भोगने तथा छोटे भाई भरत को राजगद्दी सौंपने की तैयारी कर ली। श्रीराम द्वारा लाख मना किए जाने पर भी उनकी पत्नी सीता जी और अनुज लक्ष्मण भी उनके साथ वनों में निकल पड़े। वनवास की यात्रा की शुरूआत श्रृंगवेरपुर नामक स्थान से प्रारंभ कर वहां से वे भारद्वाज मुनि के आश्रम में चित्रकूट पहुंचे। उसके बाद विभिन्न स्थानों की यात्रा के दौरान पंचवटी में उन्होंने अपनी कुटिया बनाने का निश्चय किया। यहीं पर रावण की बहन शूर्पणखां की नाक काटे जाने की घटना हुई। उसी घटना के कारण वहां खर-दूषण सहित 14 हजार राक्षस राम-लक्ष्मण के हाथों मारे गए। यहीं से श्रीराम व लक्ष्मण की अनुपस्थिति में लंका का राजा रावण माता सीता का अपहरण कर उन्हें अपने साथ लंका ले गया।

कहा जाता है कि जब सीता का विरह श्रीराम से नहीं सहा गया तो उन्होंने साधारण मनुष्य की भांति विलाप किया लेकिन हिम्मत न हारते हुए सीता जी की खोज में राम-लक्ष्मण जंगलों में भटकने लगे। इसी दौरान उनकी भेंट श्रीराम के अनन्य भक्त हनुमान से हुई, जिन्होंने राम-लक्ष्मण को वानरराज बाली के छोटे भाई सुग्रीव से मिलाया, जो उस समय बाली के भय से यहां-वहां छिपता फिर रहा था। श्रीराम ने बाली का वध करके सुग्रीव तथा बाली के पुत्र अंगद को किष्किंधा का शासन सौंपा और उसके बाद सुग्रीव की वानरसेना के नेतृत्व में लंका पर आक्रमण कर देवताओं पर भी विजय पाने वाले महाप्रतापी, महाबली, महापंडित तथा भगवान शिव के घोर उपासक लंका नरेश राक्षसराज रावण का वध कर सीता को उसके बंधन से मुक्त कराया और लंका पर खुद अपना अधिकार न जमाकर लंका का शासन रावण के छोटे भाई विभीषण को सौंप दिया तथा वनवास की अवधि समाप्त होने पर भैया लक्ष्मण, सीता जी व हनुमान सहित अयोध्या लौट आए। एक ओर जहां रावण अन्याय, अत्याचार व अनाचार का प्रतीक था तो श्रीराम सत्य, न्याय एवं सदाचार के प्रतीक थे। सीता जी के अपहरण के बाद भी श्रीराम ने अपनी मयार्दाओं को कभी तिलांजलि नहीं दी। उन्होंने इसके बाद भी रावण को एक महाज्ञानी के रूप में सदैव सम्मान दिया और यह इससे साबित भी हुआ कि रावण की मृत्यु से कुछ ही क्षण पूर्व श्रीराम ने लक्ष्मण को रावण के पास ज्ञान अर्जन के लिए भेजा था।

(लेखक 34 वर्षों से साहित्य एवं पत्रकारिता में निरन्तर सक्रिय वरिष्ठ पत्रकार हैं)

## संपादकीय

### ईरान की दृढ़ता

ईरान की ओर से शनिवार देर रात इजराइल पर किये गये ड्रोन और मिसाइल हमलों से पश्चिमी एशिया में एक नया शक्ति समीकरण उभरने के संकेत मिल रहे हैं। एक अप्रैल को सीरिया में ईरानी दूतावास पर इजराइली हमले के बाद तेहरान ने तेल अवीव पर हमला करने की घोषणा कर दी थी। हांलाकि अमेरिका और पश्चिमी देशों ने ईरान पर बदले की कार्रवाई करने से दूर रहने का काफी दवाब बनाया था। लेकिन ईरान का नेतृत्व हमला करके राजनीतिक इच्छा शक्ति का प्रदर्शन किया है। संयुक्त राष्ट्र में ईरान के प्रतिनिधि ने साफ तौर पर कहा है कि इजराइल पर हमला उसकी हरकत का ही जवाब है और ईरान ने अपने आत्म रक्षा के अधिकार का इस्तेमाल किया है। उन्होंने यह भी कहा है कि जवाबी सैन्य कार्रवाई के बाद इस मामले को खत्म समझा जाये। लेकिन अगर इजराइल की ओर से अब कोई हमला होता है तो इसके परिणाम बहुत बुरे होंगे। यह संघर्ष ईरान और इजराइल के बीच का है और अमेरिका को इससे दूर रहना चाहिए। जाहिर है ईरान के नेतृत्व का यह रुख बताता है कि वह पश्चिमी एशिया में अमेरिका और पश्चिमी देशों के दबावों का कड़ा प्रतिरोध करेगा ईरान की इस दृढ़ता से इस क्षेत्र में उसकी नयी साख बनी है।



ईरान और इजराइल संघर्ष के मुद्दे पर सुरक्षा परिषद में विचार विमर्श हुआ जिसमें रूस खुलकर ईरान के पक्ष में आ गया है और चीन की भी तेहरान के साथ सहानुभूति है। गौर करने वाली बात यह है कि किसी भी मुस्लिम देश ने ईरान का समर्थन नहीं किया है। लेकिन सुरक्षा परिषद में इजराइल के प्रधान प्रतिनिधि ने विभाजनकारी बयान देते हुए कहा है कि ईरान शिया वर्चस्व स्थापित करने का प्रयास कर रहा है। सीरिया, इराक, लेबनान का हिजबुल्ला और यमन के हूती विद्रोही शिया समुदाय के हैं। हैरानी की बात यह भी है कि हमास सुन्नी है और हिजबुल्ला तथा हूती जैसे संगठन हमास का समर्थन कर रहे हैं। गाजा में पिछले छह महीनों से इजराइल द्वारा नरसंहार जारी हैं जिसके कारण पश्चिमी एशिया का पूरा क्षेत्र अशांत बना हुआ है। शायद यही वजह है कि अमेरिका और पश्चिमी देश ईरान और इजराइल संघर्ष को और बढ़ाने के पक्ष में दिखाई नहीं दे रहे हैं। राष्ट्रपति बाइडन ने संकेत दिया है कि अगर इजराइल ईरान के विरुद्ध जवाबी कार्रवाई करता है तो अमेरिका उसका साथ नहीं देगा। भारत ने दोनों पक्षों से संयम की अपील की है। उसने यूक्रेन संघर्ष के दौरान रूसी हमले की निंदा नहीं की थी। इसी तरह ईरानी हमले की भी निंदा नहीं की है। फिलहाल भारत की प्राथमिकता ईरान के कब्जे वाले जहाज से 17 भारतीयों की रिहाई कराने की है।

## चिंतन-मनन


### प्रेम और सहयोग का नाम है परिवार

पारिवारिक सदस्यों के त्याग, सहयोग, स्वच्छता, प्रेम, संतुष्टि व व्यसनमुक्ति से ही परिवार संयुक्त और समृद्धिशाली बनता है। वे सौभाग्यशाली हैं जो संयुक्त परिवार में रह रहे हैं तथा जिन्हें माता -पिता का सान्निध्य प्राप्त हो रहा है। विश्व बंधुत्व की बात करने वालों को पहले अपने परिवार में बंधुत्व बनाए रखने के लिए प्रयत्न करना चाहिए। आज छोटी-छोटी बातों को लेकर परिवार टूट रहे हैं। हम अधिकारों की बजाए एक-दूसरे के हितों का ध्यान रखेंगे, तभी हमारे परिवार खुशहाल और सुदृढ़ होंगे।

एक माता-पिता अपने पाँच-पाँच बच्चों को पाल पोसकर बड़ा करके योग्य बना देते हैं जबकि पाँच-पाँच बच्चे बुढ़ापे में अपने एक माता-पिता को संभालने से कतराते हैं। आज हम जितने बूढ़े दादा-दादी के प्रति लापरवाह हैं यदि हमारे बचपन में वे हमारे प्रति इतने ही लापरवाह होते तो हमारी क्या दुर्गति हो गई होती। इस बात को युवा पीढ़ी को अच्छी तरह ध्यान रखना चाहिए।

परिवार में ब्याह कर आई नई बहू को चाहिए कि जितने उम्र का पति उसे मिला है कम से कम उतने साल तो सास-ससुर का फर्ज मानकर उन्हें निभा देना चाहिए। इस पीढ़ी को व्यसनमुक्त होकर अपने माता-पिता की सेवा करने, उनके प्रणाम करने के तरीको को जीवन में अपनाना चाहिए। जीवन में सदाचार को अपना कर हमें अपने विचारों को बदलना होगा। विचार जीवन का प्रतिबिंब है। संतों की संगति से अच्छे विचार आते हैं। विचार अच्छे होना हमारी जागरूकता को दशार्ता है। हमारे विचार हमारे जीवन का परिचय देते हैं। रुपया-पैसे का लालच छोड़कर हमें जीवन में धार्मिक आराधना करते रहना चाहिए। जिससे हमारा जीवन और हमारे परिवार का जीवन सार्थक होगा।

# इजरायल ईरान युद्ध की आशंका से शेयर बाजार में निवेशकों के लाखों करोड़ डुबे



सनत जैन



इजराइल और ईरान युद्ध की आहट और आशंका के चलते दुनिया भर के शेयर बाजारों में हाहाकार मच गया है। भारतीय शेयर बाजार में एक दिन के अंदर 8.21 लाख करोड़ रुपए निवेशकों के डूब गए हैं। इजराइल और ईरान के बीच जिस तरह से तनातनी बढ़ रही है। अमेरिका और यूरोप के देश इजराइल के समर्थन में एकजुट हैं। वहीं ईरान के समर्थन में रूस और चीन जैसी महाशक्तियों के एकजुट होने से तृतीय विश्व युद्ध की आशंका से सारी दुनिया भयाक्रान्त हैं। भारत के शेयर बाजार में इसका सबसे ज्यादा असर पड़ा है। दुनिया में भारत का शेयर बाजार ही ऐसा बाजार था, जो बेलगाम घोड़े की तरह भाग रहा था। शेयर बाजार को नियंत्रित करने वाले अडानी और अंबानी भी इस घाटे से नहीं बचे। सेंसेक्स और निफ्टी बुरी तरह से टूट कर बंद हुआ। 75000 की छलांग लगाने वाला सेंसेक्स 73400 के स्तर पर बंद हुआ। इस कारण भारतीय निवेशकों के 8.1 लाख करोड रुपए कुछ ही घंटे के अंदर स्वाहा हो गए। इजराइल- हमास युद्ध में ईरान के शामिल हो जाने के कारण, मिडिल ईस्ट के देशों में तनाव दिन प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है। यही तनाव दुनिया के अन्य देशों के बीच देखने को मिलने लगा है। संयुक्त राष्ट्र संघ और सुरक्षा परिषद जैसी अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों को इस तनाव को कम करने के लिए, जिन महाशक्तियों के माध्यम से शांति कराने के प्रयास करने थे, वही शांति के स्थान पर अशांति फैलाने का काम कर रहे हैं। 7 अक्टूबर 2023 के बाद से मिडिल ईस्ट के देशों के साथ तनाव बढ़ता ही जा रहा है। हाल ही में ईरान ने इजराइल पर 300 से ज्यादा ड्रोन मिसाइल से हमला किया। इसके पहले ईरान की सेना के अधिकारियों की दूतावास में हत्या के बाद से यह मामला तूल पकड़ता जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र संघ की सुरक्षा परिषद ने एक आपातकालीन बैठक जरूर बुलाई है। इस बैठक को संबोधित करते हुए ईरान के राजदूत अमीर सईद इरावनी ने कहा, ईरान अपनी आत्म रक्षा के अधिकार का प्रयोग करेगा। ईरान ने कहा वह किसी भी हमले और आक्रामकता का मुंह तोड़ जवाब देगा। वहीं इजरायल के रक्षा मंत्री योव गैलेंट द्वारा जवाबी हमले की धमकी दी गई है। इजरायल मंत्रिमंडल की युद्ध कैबिनेट की बैठक हुई, जिसमें इजरायल द्वारा कहा गया, कि वह ईरान से इजराइल पर किए गए हमले की कीमत वसूलेगा। देर सबेरे इजरायल बदला जरूर लेगा। पिछले कई माह से रूस और यूक्रेन के बीच भीषण युद्ध चल रहा है। नाटो देशों ने रूस को अपना निशाना बनाया हुआ है। रूस और यूक्रेन के लाखों लोग इसके शिकार हुए हैं। फिलिस्तीन और इजरायल के बीच में भी पिछले कई माह से घातक युद्ध चल रहा है। हजारों निर्दोष नागरिकों की मौत हो चुकी है। इसका असर सारी दुनिया के देशों पर पढ़ रहा है। अंतरराष्ट्रीय एजेंसियां हाथ पर हाथ रखकर बैठी हुई है। उसका भी मुख्य कारण है, जिन महाशक्तियों को इस युद्ध को रोकने के लिए पहल करनी चाहिए थी, वही तनाव को बढ़ाने का काम कर रही हैं। अंतरराष्ट्रीय जगत में अब ऐसा कोई देश या राजनेता नहीं है, जो तृतीय विश्व युद्ध को रोकने के लिए आगे आए। दुनिया के देश अंतरराष्ट्रीय समुदाय की बात को मानते हुए शांति बनाए रखने के लिए फैसला कर सकें। इजराइल और फिलीस्तीन के युद्ध को रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जो प्रस्ताव पास किए गए। उनका पालन नहीं हुआ। अमेरिका, चीन, रूस जिस तरह से आग में घी डालने का काम कर रहे हैं, वह सबसे बड़ी चिंता का कारण बन गया है। सारी दुनिया के देशों में जिस तरह से आणविक और एटम बम के साथ अत्याधुनिक हथियारों के बल पर तृतीय विश्व युद्ध के लड़ने की तैयारी की जा रही है। इसकी आशंका मात्र से दुनिया भर के देशों के नागरिकों में अज्ञात भय देखा जा रहा है। द्वितीय विश्व युद्ध को समाप्त हुए करीब 80 वर्ष हो चुके हैं। प्रथम विश्व युद्ध और द्वितीय विश्व युद्ध की तबाही भी सारी दुनिया के देशों को पता है। 80 वर्षों में जो विकास सारी दुनिया के देश कर पाए थे। इस विकास को नष्ट करने में दुनिया के शक्तिशाली देश लग गए हैं। इससे आम नागरिकों की चिंता बढ़ना स्वाभाविक है। 1993 से सारी दुनिया के देश का एक दूसरे के साथ व्यापार संधि को लेकर समझौता किया। यह माना जा रहा था, कि इससे एक नए वैश्विक युग की शुरूआत होगी। सारी दुनिया के देशों को वैश्विक व्यापार संधि के बाद पूंजीवाद और कर्जवाद ने जकड़ लिया है। यही सबसे बड़े विनाश का कारण बन रहा है। पिछले 20 वर्षों में दुनिया के देशों में जो भी सत्ता पर बैठे हुए लोग हैं। वह अपने अहंकार के आगे कुछ भी सोचने समझने लायक नहीं रहे। जिसका खामियाजा अब दुनिया के देशों के आम नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है, यही कहा जा सकता है।

# फार्मा सेक्टर : आर्थिक तेजी की दवा भारत के पास



संदीप भूषण



कोविड के दौरान और उसके बाद दुनियाभर के फार्मा सेक्टर में नई चुनौतियों के साथ कई सकारात्मक बदलाव आए। दवा बनाने वाली कंपनियां और सरकार आज लोगों को किफायत और गुणवत्ता के नाम पर अपने साथ जोड़ने में जुटी हैं। खासकर दक्षिण एशियाई देशों की सरकारें अपने यहां फार्मा कंपनियों को प्रोत्साहित कर रही हैं। यह प्रोत्साहन नीतिगत तो है ही वित्तीय भी है। इसका एक बड़ा प्रभाव आज हर तरफ दिख रहा है। विकसित के साथ विकाशील देशों के बाजार में भी ब्रांडेड दवा की हिस्सेदारी घटी है। वैसे ग्लोबली देखें तो 56 फीसद बाजार हिस्सेदारी के साथ अब भी ब्रांडेड दवाओं का बड़ा दखल है। बड़ा परिवर्तन यह जरूर है कि 36 फीसद हिस्सेदारी के साथ जेनिरक और ब्रांडेड जेनरिक दवाओं ने ग्रोथ दिखाया है। इस बदलाव ने फार्मा सेक्टर को चर्चा में ला दिया है।

ट्रेड और बिजनेस मैगजीन्स की मानें तो फार्मा सेक्टर आज ग्लोबली तकरीबन सात फीसद के सालाना दर से बढ़ रहा है। 2025 तक इसके 1.6 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर पहुंचने की संभावना है। इस ग्लोबल ग्रोथ में 120 वर्ष से भी पुराना भारत का फार्मा सेक्टर बहुत आगे चल रहा है। भारत आज दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा फॉर्मा उत्पाद बनाने वाला देश है। यह उपलब्धि असाधरण है। फार्मा सेक्टर के इस ग्रोथ के समांतर एक दूसरी स्थिति भी है। कोविड के बाद वैंकि स्तर पर इलेक्ट्रॉनिक का बाजार भी खूब गरमाया। इस दौरान भारत भी एक बड़े इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादक देश के रूप में उभरा।

अमेरिका और यूरोपीय देशों की कंपनियां इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पाद बनाने के लिए चीन की जगह भारत की तरफ आकर्षित हुई। दोनों स्थितियों को मिलाकर देखें तो इलेक्ट्रॉनिक और फार्मा दोनों ने एक साथ भारत में जोर पकड़ा। अलबत्ता यह जरूर है कि भारतीय संदर्भ में इलेक्ट्रॉनिक्स के मुकाबले फार्मा सेक्टर के ग्रोथ को बड़ा बताया जा रहा है। ऐसा इस सेक्टर से जुड़ी भविष्य की संभावनाओं और सरकार के नीतिगत समर्थन के कारण भी है। जो स्थिति है उसमें अमेरिका और ब्रिटेन जैसे देशों में दवाओं का हमारा निर्यात बढ़ रहा है। एक्टिव फार्मास्यूटिकल्स इंग्रेडिएंट्स (एपीआई) के घरेलू निर्माण के प्रोत्साहन के लिए प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआइ) स्कीम शुरू होने के बाद दवा बनाने के लिए कच्चे माल का उत्पादन भी तेज हुआ है, जिससे हमारी चीन जैसे देशों पर निर्भरता कम हुई है।

भारतीय फार्मा कंपनियों के बढ़ते रु तबे का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि कोरोना काल में जब पूरी दुनिया थम गई थी, तब विश्व में कुल वैक्सीन की 60 प्रतिशत भारत से निर्यात की गई। इसी प्रकार जेनिरक दवाओं में भी वैंकि जरूरत का 20 प्रतिशत से अधिक दवाएं भारतीय कंपनियों ने भेजीं। अमेरिका और यूरोपीय देशों में दवा व्यापार के लिए खासा सख्त कानून है, लेकिन बीते कुछ वर्षो में भारतीय कंपनियों ने इन बाजारों में भी अपनी पैठ बनाई है। इन्वेस इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक भारत का दवा उद्योग आज 50 बिलियन डॉलर से बड़ा हो गया है। भारत सरकार के डिपार्टमेंट ऑफ फार्मास्यूटिकल के एक सर्वे के मुताबित देश के 19 राज्य और केंद्र शासित प्रदेश में 118 फार्मा क्लस्टर हैं। इनमें सबसे ज्यादा 40 फार्मा क्लस्टर महाराष्ट्र में हैं।

इसके बाद गुजरात में 13, आंध्र प्रदेश में 8, हिमाचल प्रदेश में 7, राजस्थान में छह, उत्तर प्रदेश में छह, गोवा, कर्नाटक और तमिलनाडु में 5-5 हैं। इसके अलावा हरियाणा, उत्तराखंड, पंजाब, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, ओडिशा, पुडुचेरी, सिक्किम, पश्चिम बंगाल और झारखंड में भी फार्मा क्लस्टर हैं। इन राज्यों में बनने वाली दवाओं का बड़े स्तर पर विकसित देशों में निर्यात किया जा रहा है, जो हमारी अर्थव्यवस्था में संजीवनी की तरह काम कर रहा है। बीते कुछ वर्षो में भारत में केंद्र के साथ राज्यों ने अलग से निवेश आकर्षित करने के बड़े प्रयास किए हैं। उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश, ओडिशा आदि जैसे पिछड़े माने जाने वाले राज्य हर वर्ष अपने यहां ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट कर रहे हैं। ऐसे में पहले से विकसित प्रदेश भला पीछे कैसे रह सकते हैं। गोवा इस लिहाज से एक बड़ा उदाहरण है। गोवा ने हाल के दिनों में अपने यहां इससे अलग निवेश की कई संभावनाएं खोली हैं।

डॉ. प्रमोद सावंत की नेतृत्व वाली राज्य सरकार अपने फार्मा सेक्टर को बढ़ाने पर विशेष जोर दे रही है। नतीजा है कि भारत में निर्मिंत कुल दवाओं का 12 फीसद उत्पादन अकेले गोवा कर रहा है। यहां की बनी लगभग 70 फीसद दवाएं विकसित देशों को निर्यात हो रही हैं। पर्यटन के लिए मशहूर इस राज्य में 2.40 बिलियन अमेरिकी डॉलर की दवाओं का उत्पादन सालाना हो रहा है। इसके अलावा महाराष्ट्र, गुजरात, हिमाचल आदि राज्य भी भारत के फार्मा सेक्टर को आगे बढ़ाने में बड़ी भूमिका निभा रहे हैं। दरअसल, वैंकि अर्थव्यवस्था में भारत की मजबूत हिस्सेदारी जमाने के लिए फार्मा सेक्टर का बढ़ना सोने पर सुहागा है। आने वाले एक दशक फार्मा सेक्टर के ग्रोथ के लिहाज से बेहद महत्त्वपूर्ण हैं और भारत अपने सामर्थ्य से इस सेक्टर में नंबर वन बनने की तरफ तेजी से कदम बढ़ा रहा है।

## आईपीएल 2024 : गुजरात टाइटन्स और दिल्ली कैपिटल्स में मुकाबला आज

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** आईपीएल में बुधवार को गुजरात टाइटंस अपने घरेलू मैदान पर दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ जीत के इरादे से उतरेगी। इस मैच में दोनो ही टीम जीत के इरादे से उतरेंगी। गुजरात को अपने पिछले मैच में राजस्थान रॉयल्स से जीत मिली थी जबकि दिल्ली ने लखनऊ सुपरजायंट्स को हराया था। ऐसे में दोनो ही टीमों की ताकत करीब-करीब बराबर नजर आती है। ऐसे में इस मैच को जीतकर दोनो ही प्लेऑफ के लिए अपनी संभावनाओं को बेहतर करना चाहेंगी। पिछले दो चरण की तरह गुजरात अभी तक एक इकाई के तौर पर बेहतर प्रदर्शन नहीं कर सकी है, ऐसे में उसे इस मैच में जीत के लिए सभी को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। शुभमन गिल की कप्तानी में गुजरात टीम अपने पहले छह मैच में केवल दो में ही जीत सकी है और अभी आठ मैच बाकी हैं, ऐसे में उसके पास बेहतर प्रदर्शन का अवसर है। टीम के लिए बल्लेबाजों के साथ ही गेंदबाजों को भी अच्छा प्रदर्शन करना होगा। अनुभवी तेज गेंदबाज उमेश यादव ने अभी तक सात विकेट लिए हैं परा प्रति ओवर 10 से ज्यादा रन दिये हैं। उनके जोड़ीदार स्पेंसर जॉनसन और अनुभवी मोहित शर्मा को भी अपने इकोनोमी रेट में सुधार करना होगा। स्टार स्पिनर राशिद खान ने अच्छी गेंदबाजी की है पर वह विकेट नहीं ले पाये हैं। पिछले मैच में उनकी आक्रामक बल्लेबाजी से गुजरात टाइटन्स रोमांचक जीत हासिल करने में सफल रही और टीम को उनसे इस बार भी उसी प्रकार के प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी।

दूसरी ओर ऋषभ पंत की की कप्तानी में दिल्ली कैपिटल्स ने भी अब तक दो मैच जीते हैं। टीम फॉर्म और फिटनेस मामलों के कारण अभी तक अपनी सर्वश्रेष्ठ अंतिम अंतिम ग्यारह नहीं उतार पायी है। पांच मुकाबलों में चार हार के बाद लखनऊ सुपर जायंट्स पर मिली जीत से टीम का मनोबल बढ़ा है पर अगर उन्हें प्लेऑफ में जगह बनाना है तो अपनी कमियों में सुधार करके मुकाबले जीतने होंगे। फिट होकर वापसी करने वाले स्पिनर कुलदीप यादव से टीम की गेंदबाजी बेहतर हुई है। कुलदीप ने ने लखनऊ सुपर जायंट्स के तीन विकेट लिए थे।

गुजरात टाइटन्स के लिए कुलदीप का सामना करना, विशेषकर उनकी गुगली को खेलना कठिन हो सकता है। वहीं ऑस्ट्रेलिया के युवा जैक फ्रेजर मैकगुर्क के रूप में दिल्ली कैपिटल्स को तीसरे नंबर पर अच्छा खिलाड़ी मिल गया है और टीम उम्मीद कर रही होगी कि वह अपने पहले आईपीएल मैच की तरह आगे भी ऐसे ही खेलता रहे। तेज गेंदबाज एनरिच नॉर्किया और मुकेश कुमार अब तक प्रभावी नहीं रहे हैं जिससे दिल्ली को नुकसान हुआ है।




टीम के लिए सबसे सकारात्मक बात कप्तान ऋषभ की बल्लेबाजी फॉर्म रही है जो प्रत्येक मैच के साथ बेहतर से बेहतर होते जा रहे हैं। दिल्ली कैपिटल्स के पास भारतीय बल्लेबाजी प्रतिभाओं की कमी है सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर और पृथ्वी शॉ भी अब तक विफल रहे हैं। ऐसे में इस मैच में रोमांचक मुकाबला होने की संभावनाएं हैं।

### टीम

**गुजरात टाइटंस-** शुभमन गिल (कप्तान), डेविड मिलर, मैथ्यू वेड, रिद्धिमान साहा, रॉबिन मिंज, केन विलियमसन, अभिनव मंधार, बी साई सुदर्शन, दर्शन नालकंडे, विजय शंकर, अजमतुल्लाह उमरजई, शाहरुख खान, जयंत यादव, राहुल तेवतिया, कार्तिक त्यागी, शशांत मिश्रा, स्पेंसर जॉनसन, नूर अहमद, साई किशोर, उमेश यादव, राशिद खान, जोशुआ लिटिल, मोहित शर्मा और मानव सुथार।

**दिल्ली कैपिटल्स -** ऋषभ पंत (कप्तान), डेविड वॉर्नर, पृथ्वी शॉ, स्वस्तिक चिकारा, यश ढुल, एनरिच नॉर्किया, ईशांत शर्मा, झाय रिचर्डसन, खलील अहमद, कुलदीप यादव, मुकेश कुमार, प्रवीण दुबे, रसिक डार, विकी ओस्तवाल, अक्षर पटेल, जैक फ्रेजर गुर्क, ललित यादव, मिचेल मार्श, सुमित कुमार, अभिषेक पोरेल, कुमार कुशाग्र, रिकी भुई, शाइ होप, ट्रिस्टन स्टब्स।

## आरसीबी की गेंदबाजी में कमजोर सामने आई : हरभजन



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व क्रिकेटर हरभजन सिंह ने आईपीएल में लगातार हार का सामना कर रही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की गेंदबाजी को कमजोर बताया है। हरभजन के अनुसार ये कमजोर ही नहीं चिन्ता का कारण भी बनी है। इसी कारण सनराइजर्स हैदराबाद की टीम आईपीएल इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर बनाने में सफल रही। हरभजन सिंह ने कहा, आरसीबी की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। नीलामी के बाद उनकी कमजोर गेंदबाजी लाइन-अप के बारे में बातें हुईं थी जो सच साबित हुईं। सनराइजर्स ने इसी कारण आईपीएल में अब तक का सबसे बड़ा स्कोर बनाया है। चिन्नास्वामी की पिच बल्लेबाजों के अनुरुप थी पर आरसीबी के गेंदबाजों को भी अपनी ओर प्रयास करने चाहिये थे जो उन्होंने नहीं किये। हरभजन ने इस मैच में दिनेश कार्तिक की बल्लेबाजी की प्रशंसा की और कहा कि उसने हर मैच में बेहतर बल्लेबाजी की है।

आरसीबी ने इस मैच में सनराइजर्स को पहले बल्लेबाजी का जो आमंत्रण दिया। वह भी गलत साबित हुआ और पैट कमिंस की टीम ने इस सत्र में दूसरी बार सबसे अधिक स्कार बनाया। इस मैच में आरसीबी के गेंदबाज नाकाम रहे। अपना चार ओवर का स्पैल पूरा करने के दौरान सभी गेंदबाजों ने 50 से अधिक रन दिए। रीस टॉपले ने एक विकेट लिया पर 68 रन दे दिये। यश दयाल ने 51 रन जबकि लॉकी फर्ग्यूसन ने 52 रन देकर दो विकेट लिए। विजयकुमार वैश्य ने भी 64 रन दिए। पूरे टूर्नामेंट के दौरान आरसीबी की गेंदबाजी इकाई में धार नहीं रही जिससे वह लगातार हारती गयी है। सात मैचों में आरसीबी को चार बार अपने लक्ष्य का बचाव करना पड़ा जिसमें उसके गेंदबाज विफल रहे।

## मैक्सवेल ने थकान और खराब प्रदर्शन के कारण आईपीएल से लिया ब्रेक

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीए) 2024 से ब्रेक ले लिया है। आईपीएल में इस बार रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम में शामिल रहे मैक्सवेल ने मानसिक थकान के कारण ये ब्रेक लिया है। मैक्सवेल ने कहा कि मुंबई इंडियंस के खिलाफ पिछले मैच में उन्हें उंगली में चोट लग गयी थी। मैक्सवेल ने कहा कि ब्रेक का फैसला काफी आसान था। मैं मुंबई इंडियंस के खिलाफ अंतिम मैच के बाद कप्तान फाफ और कोचों के पास गया और कहा कि शायद अब समय आ गया है कि मेरी जगह किसी अन्य को शामिल किया जाये। यह वास्तव में खुद को थोड़ा मानसिक और शारीरिक आराम देने, अपने शरीर को तरोताजा करने का एक अच्छा समय है। अगर टूर्नामेंट के दौरान फिर मुझे इसमें शामिल होने की जरुरत होगी तो उस समय तक मैं मानसिक और शारीरिक रुप से बेहतर हो सकता हूं।





यह करियर में दूसरी बार है जब मैक्सवेल ने अपने को तरोताजा करने के लिए प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से अलग होने का फैसला किया है। उन्होंने इससे पहले अक्टूबर 2019 में भी ऐसा ही ब्रेक लिया था और कहा था कि उस समय वह मानसिक और शारीरिक रूप से परेशानी का अनुभव कर रहे थे। इसके बाद इसखिलाड़ी ने कुछ महीने बाद वापसी की। इस आईपीएल में मैक्सवेल ने इस सत्र में खेले गए छह मैचों में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है और वह 5.33 की औसत और 94 की स्ट्राइक-रेट से केवल 32 रन ही बना पाये हैं।

## हार्दिक पंड्या पर टी20 वर्ल्ड कप 2024 से बाहर होने मंडरा रहा खतरा

**मुम्बई (एजेंसी)।** आईपीएल 2024 में मुंबई इंडियंस का नेतृत्व कर रहे ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या की मुश्किलें कम नहीं हो रही हैं। दरअसल, हार्दिक पंड्या की कप्तानी में मुंबई का प्रदर्शन बेहद खराब रहा है। टीम ने अब तक 6 में से महज 2 मैच जीते हैं। साथ ही पंड्या खुद भी अपनी गेंदबाजी और बल्लेबाजी के कारण फ्लॉप दिख रहे हैं।


वहीं अब उनके ऊपर इस साल होने वाले टी20 वर्ल्ड कप से बाहर होने का खतरा मंडरा रहा है। ये बात भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड यानी बीसीसीआई की मीटिंग में भी साफ कर दिया गया है। इस साल टी20 वर्ल्ड कप अमेरिका और वेस्टइंडीज की मेजबानी में खेला जाएगा। ये टूर्नामेंट जून में खेला जाएगा।

ये मीटिंग चीफ सेलेक्टर अजीत अगरकर, रोहित शर्मा, राहुल द्रविड़ समेत बीसीसीआई के बाकी सदस्यों के बीच हुई। इंडियन एक्सप्रेस के अनुसार, सेलेक्टर्स की पैनी नजर सिर्फ हार्दिक पंड्या की गेंदबाजी पर है। मीटिंग 2 घंटे तक चली, जिसमें महज तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर्स को लेकर चर्चा हुई। इसमें बताया गया कि टी20 वर्ल्ड कप 2024 में हार्दिक पंड्या का सेलेक्शन तभी होगा, जब वो आईपीएल के बचे हुए मैचों में गेंदबाजी में कमाल दिखाएंगे। सेलेक्टर्स का मानना है कि पंड्या की टीम में वापसी तभी होगी, जब वो लगातार अच्छी गेंदबाजी करेंगे।




## आरसीबी के प्लेऑफ में पहुंचने की संभावनाएं समाप्त

**मुंबई (एजेंसी)।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलूर (आरसीबी) इस बार भी आईपीएल में कोई कमाल नहीं कर पायी और उसका लीग से बाहर होना लगभग तय है। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मिली हार के साथ ही आरसीबी को इस सत्र में सात मैचों में छठी हार मिली है। इस प्रकार वह अंक तालिका में सबसे नीचे पहुंच गयी है। ऐसे में उसका प्लेऑफ में पहुंचना असंभव है। सनराइजर्स हैदराबाद ने आरसीबी के खिलाफ हुए सातवें मुकाबले में 3 विकेट पर 287 रन का विशाल स्कोर बना डाला जिसके जवाब में आरसीबी 262 रन ही बना पायी।



इस मैच में सनराइजर्स की ओर से ट्रेविस हेड के तेज शतक के बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए विराट कोहली के 42 रन, कप्तान फाफ डु प्लेसिस 62 रन और आखिर में दिनेश कार्तिक की 83 रन की पारी से आरसीबी ने 262 रन बनाए।

अब आरसीबी की उम्मीदें तभी बन सकती हैं जब वह बचे हुए सभी 7 मैच जीते। जो उसके वर्तमान प्रदर्शन को देखते हुए असंभव है। चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ पहला मैच हारने के बाद टीम ने केवल पंजाब किंग्स के खिलाफ जीत दर्ज की थी। वहीं पूर्व क्रिकेटर और कमेंटटर इरफान पठान ने कहा अगर आरसीबी की टीम को आईपीएल के अगले दौर में जाना है तो अगले सारे मुकाबले में जीतने होंगे जो किसी के लिए भी संभव नहीं है।

## ऑस्ट्रेलियाई के नहीं खेलने से अफगानिस्तान के लोग निराश : राशिद

नई दिल्ली । अभी भारत में आईपीएल खेल रहे अफगानिस्तान के स्टार स्पिनर राशिद खान ने कहा कि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) अगर उनके साथ खेलने से मना करता है तो कुछ नहीं किया जा सकता। राशिद ने कहा कि सीए को ये भी देखना चाहिये कि क्रिकेट अफगान लोगों को खुशी के अवसर देता है। उन्होंने कहा कि सीए ने जिस पकार अफगानिस्तान के साथ द्विपक्षीय क्रिकेट खेलने से मना किया है उससे देशवासियों को दुख हुआ है क्योंकि अब उन्हें खेल देखने का अवसर नहीं मिलेगा। वहीं इससे पहले सीए ने तालिबान सरकार के महिलाओं के साथ भेदभाव के आरोप में साल 2023 में ही अफगानिस्तान के साथ होने वाली वनडे सीरीज खेलने से इंकार कर दिया था। इसके बाद उसने इस साल के अंत में यूएई में होने वाली टी20 सीरीज में खेलने से भी मना कर दिया हालांकि राशिद सहित अफगानिस्तान के अन्य खिलाड़ी ऑस्ट्रेलियाई घरेलू लीग में खेल रहे हैं। राशिद ने कहा, 'मैं और सभी खिलाड़ी क्रिकेट खेलना चाहते हैं क्योंकि अफगानिस्तान में लोगों के लिए खुशी का यही एक तरीका यही है और अगर आप इसे भी उन्हें नहीं दोगे तो लोग किसी भी चीज का जश्न नहीं मना सकेंगे। गौरतब है कि पिछले साल राशिद ने आस्ट्रेलिया के उनके साथ द्विपक्षीय क्रिकेट खेलने से इनकार के बाद बिग बैश लीग से हटने की धमकी दी थी। इस 25 साल के गेंदबाज के कई आस्ट्रेलियाई मित्र हैं लेकिन उन्होंने उनसे इस मुद्दे पर बात नहीं की है।

## मैं दबाव में नहीं, टीम से मिल रहा पूरा समर्थन : स्टार्क




मुम्बई । आईपीएल इतिहास में सबसे अधिक कीमत मिलने के बाद भी अब तक उम्मीद के अनुसार सफलता नहीं मिलने से ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क दबाव में नहीं है। स्टार्क के अनुसार उन्हें अपनी टीम से पूरा समर्थन मिल रहा है। स्टार्क ने कहा कि उनके पास टी20 में अनुभव की जो कमी थी। उसी कारण वह अभी तक लय हासिल नहीं कर पाये हैं। उन्हें लय हासिल करने में अधिक समय लग सकता है। स्टार्क को केकेआर ने 24.75 करोड़ रुपये में अपनी टीम से जोड़ा था। वह आईपीएल के शुरुआत मैचों में असफल रहे हालांकि उन्होंने लखनऊ सुपरजायंट्स के खिलाफ आईपीएल सत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 28 रन देकर तीन विकेट लिये। इस मुकाबले से पहले स्टार्क ने चार मैचों में 77 की औसत से सिर्फ दो विकेट लिये थे और 11 रन प्रति ओवर के हिसाब से रन दिये थे। स्टार्क ने कहा कि उनपर दबाव नहीं पड़ा क्योंकि कौन क्या कह रहा है या सोशल मीडिया पर उनको लेकर क्या आ रहा है वह उसपर ध्यान नहीं देते हैं। इस तेज गेंदबाज ने कहा, '' मैं कुछ भी नहीं पढ़ता इसलिए मुझे परेशानी नहीं होती।'' उन्होंने साथ ही कहा, '' मैंने पिछले कुछ साल में बहुत अधिक टी20 क्रिकेट नहीं खेला है, इसलिए मुझे गेंदबाजी की लय हासिल करने में कुछ अधिक समय लगा है।'' स्टार्क ने हालांकि कहा कि टी20 क्रिकेट और आईपीएल से तालमेल बिठाना टेस्ट क्रिकेटरों के लिए मुश्किल नहीं है। उन्होंने कहा, ''मैं 34 वर्ष का हूं, इसलिए लेबे समय से खेलने के कारण मेरे लिए अपने अनुभव के कारण टी20 में तालमेल बिठाना आसान हो गया है।

## टी20 विश्वकप के लिए भारतीय टीम में 7 खिलाड़ियों पर होना है फैसला

### -आईपीएल के प्रदर्शन पर भी नजरें

**मुम्बई (एजेंसी)।** आगमी टी20 विश्वकप के लिए भारतीय क्रिकेट टीम में 8 खिलाड़ियों के नाम तय माने जा रहे हैं जबकि 7 खिलाड़ियों पर अभी फैसला होना है। रोहित शर्मा की कप्तानी में उतरने जा रही भारतीय टीम का लक्ष्य यहां किसी प्रकार से आईसीसी विश्वकप जीतना रहेगा। अभी जारी इंडियन प्रीमियर लीग में बेहतर प्रदर्शन वाले खिलाड़ियों को भी इस लीग में जगह मिल सकती है। टीम में कप्तान रोहित शर्मा और पूर्व कप्तान विराट कोहली के अलावा मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा का नाम तय है। इसके अलावा चयनकर्ताओं ने 15 सदस्यीय टीमों के चयन के लिए अन्य जो नाम रखे हैं उसमें कुलदीप यादव, रवींद्र जडेजा, सूर्यकुमार यादव के अलावा हार्दिक पंड्या और ऋषभ पंत भी हैं। कुलदीप शानदार फॉर्म में चल रहे हैं जबकि ऋषभ ने वापसी के बाद शानदार प्रदर्शन किया है। जिन 7 जगह के लिए खिलाड़ियों के बीच टक्कर होगी उसमें शानदार प्रदर्शन करने वाले ऑलराउंडर शिवम दुबे , रिंकू सिंह के अलावा सलामी जोड़ीदार के तौर यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल का नाम है। वहीं स्पिनर के तौर पर आर अश्विन और युजवेंद्र चहल के बीच मुकाबला है। इसके अलावा तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और अर्शदीप सिंह में किसे बुमराह का जोड़ीदार बनाया जाएगा यह भी देखना होगा। चयनकर्ता दोनों गेंदबाज को मौका देने के बारे में सोच सकते हैं. दूसरे विकेटकीपर के तौर पर ऋषभ पंत के बाद संजू सैमसन और ईशान किशन के नाम पर चर्चा हो सकती है।



रोहित शर्मा, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पंड्या, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), रविंद्र जडेजा, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह।

## पेरिस ओलंपिक में अब विजेताओं को मिलेगी भारी भरकम इनामी राशि

पेरिस । पेरिस ओलंपिक खेलों में भाग लेने वाले एथलीटों को इसबार काफी लाभ होगा। इसका कारण है कि विश्व एथलेटिक्स (डब्ल्यूए) ने ट्रैक एवं फील्ड के 48 स्पर्धाओं के स्वर्ण पदक विजेताओं को 50,000 डॉलर करीब 41.60 लाख रुपये की पुरस्कार राशि देने की बात कही है। इस प्रकार डब्ल्यूए ओलंपिक खेलों में पुरस्कार राशि देने वाला पहला अंतरराष्ट्रीय महासंघ भी बन जाएगा। विश्व एथलेटिक्स के अध्यक्ष सेबेस्टियन को ने कहा कि ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेताओं के लिए पुरस्कार राशि की शुरुआत एथलेटिक्स के महत्व को देखते हुए की गयी है। साथ ही कहा कि हमने उन एथलीट की सहायता का फैसला किया है जो अपने प्रदर्शन से खेलों को वैश्विक स्तर पर सफल बनाते हैं। उन्होंने कहा, '' अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के राजस्व आवंटन से कुल 2.4 मिलियन डॉलर लगभग 18.63 अरब रुपये पुरस्कार के लिए रखे गये है, जो हर चार साल में विश्व एथलेटिक्स को मिलता है। इसका उपयोग 48 एथलेटिक्स खेलों में से स्वर्ण पदक जीतने वाले एथलीटों को 50,000 डॉलर की राशि देकर किया जाएगा।'' इसके अलावा रिले टीमों को भी इसी राशि से सम्मानित किया जायेगा, जिसे टीम के सभी खिलाड़ी आपस में साझा करेंगे। उन्होंने कहा कि 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक से जुड़ी पुरस्कार राशि के प्रारूप और संरचना की घोषणा खेलों के समय के करीब की जाएगी। इस पुरस्कार राशि का भुगतान हालांकि विश्व एथलेटिक्स की प्रक्रिया पर निर्भर करेगा, जिसमें सामान्य डोपिंग रोधी प्रक्रियाओं से गुजरने और अन्य जरूरी प्रक्रिया का पालन करने वाले एथलीटों को ही शामिल किया जाएगा।

## नेट पर धोनी के खिलाफ गेंदबाजी से हो रहा लाभ : एरिक सिमंस

**मुंबई (एजेंसी)।** (ईएमएस)। चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) के गेंदबाजी सलाहकार एरिक सिमंस ने टीम की अच्छी गेंदबाजी के कारण ये है कि उसके गेंदबाज नेट पर महेन्द्र सिंह धोनी के खिलाफ डेथ ओवरों की गेंदबाजी का अभ्यास करते हैं। साथ ही कहा कि ट्रेनिंग सत्र में उनके खिलाफ सफल रहने के लिए जो रणनीतियां अपनायी जाती हैं, वह मैच में भी काम करती हैं। सिमंस ने कहा, ' मुम्बई की टीम हमें 200 रन से कम पर रोकने में लगी थी पर धोनी ने एक ओवर में ही हालात बदल दिये और टीम को 206 रन रन तक पहुंचा दिया। साथ ही कहा कि वह हर बार हमें इसी तरह से हैरान करते हैं। मैदान में जाना और पहली ही गेंद पर छक्का जड़ना और फिर इसी प्रकार शॉट लगाकर रन बनाते रहना आसान नहीं होता।



सिमंस ने कहा कि एक बल्लेबाज के रूप में धोनी सीएसके के गेंदबाजों के लिए डेथ ओवरों में अपनी गेंदबाजी का अभ्यास करने के लिए सबसे बेहतर खिलाड़ी रहे हैं। सिमंस ने कहा, 'जब हम डेथ ओवरों में गेंदबाजी करते हैं तो सत्र पूर्व ट्रेनिंग में उनके खिलाफ अभ्यास करते हैं क्योंकि वह इसमें काफी अच्छे हैं। अगर हम उनके खिलाफ अपनी रणनीतियों का परीक्षण कर सकते हैं तो हम जानते हैं कि ये कितना काम करेगा। सिमंस ने मान है कि धोनी घुटने की चोट से जूझ रहे हैं पर उन्होंने बहादुरी से इसका सामना किया है। उन्होंने कहा, 'हर किसी को उसकी चोटों में उसकी तुलना में अधिक रुचि है। वह उन सबसे कठोर व्यक्तियों में से एक है जिनसे मैं कभी मिला हूं। इसके बाद भी वह सहज होकर खेलते हैं और कुभी भी जाहिर नहीं करते हैं।

## पावर प्ले में अधिक से अधिक रन बटोरना हमारा लक्ष्य : हेड

बेंगलुरु। सनराइजर्स हैदराबाद की ओर से इस आईपीएल सत्र में धमाकेदार बल्लेबाजी कर रहे ट्रेविस हेड ने कहा है कि उनका लक्ष्य पावर प्ले में अधिक से अधिक रन बटोरना रहा है। इसी कारण वह शुरुआत से ही आक्रमक बल्लेबाजी करते हैं। हेड ने आरसीबी के खिलाफ 39 गेंद में ही शतक लगाकर अपनी टीम को आईपीएल इतिहास के सबसे अधिक स्कोर 287 रन तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई थी। हेड ने कहा कि उनका प्रयास पावरप्ले के अंदर ही अर्धशतक लगाना रहता है। इस सत्र में दूसरी बार हेड ने पहले छह ओवर के अंदर ही अपना अर्धशतक कर कर लिया। हेड ने कहा, 'निश्चित रूप से हमने अपने शीर्ष और मध्यक्रम के कारण ही सबसे ज्यादा रन बनाये हैं। मुझे लगता है कि अपने मजबूत शीर्ष और मध्यक्रम का हमें लाभ मिला है। हेड जहां तेज गेंदबाजों को निशाना बनाते हैं। वहीं उनके जोड़ीदार अभिषेक शर्मा धीमे गेंदबाजों पर तेजी से आक्रामक करते है। हेड ने कहा, 'मुझे लगता है कि शीर्ष क्रम में अभिषेक और मैं पावरप्ले का अधिक से अधिक लाभ उठाना चाहते हैं। इसमें हम ज्यादा से ज्यादा चौके और छक्के लगाने का प्रयास करते हैं।

## ऑस्ट्रेलिया की आक्रामक शैली से निपटने के लिए बेहतर पासिंग और तालमेल की जरूरत : रूपिंदर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय पूर्व ड्रैग फ्लिक विशेषज्ञ रूपिंदर पाल सिंह को लगता है कि भारतीय पुरुष हॉकी टीम बेहतर रक्षात्मक तालमेल और बेहतर पासिंग से आस्ट्रेलिया की आक्रामक खेल शैली से निपट सकती है। हाल में भारत को पर्थ में हुई पांच टेस्ट की सीरीज में आस्ट्रेलिया से 0-5 से हार का सामना करना पड़ा।

यह दौरा भारत के लिए निराशाजनक रहा जबकि इससे पहले टीम ने एफआईएच प्रो लीग में काफी अच्छा प्रदर्शन किया था। टीम से जुलाई-अगस्त में होने वाले पेरिस ओलंपिक में तोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक से बेहतर या इसके बराबरी वाले प्रदर्शन की उम्मीद है। भारत की 2014 एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता टीम के सदस्य सिंह हालांकि आस्ट्रेलिया के खिलाफ इस नतीजे से ज्यादा चिंतित नहीं हैं क्योंकि उन्हें लगता है कि टीम प्रत्येक मैच के साथ सुधार करती गयी।

रुपिंदर सिंह ने 'पीटीआई वीडियो' से कहा, ''हम पहला मैच 5-1 से हारे लेकिन इसके बाद टीम ने सुधार किया और स्कोर बराबरी का रहा। हमने कुछ मौके गंवाये जिसे देखते हुए ओलंपिक से पहले कुछ काम करने की जरूरत है। यह श्रृंखला पेरिस ओलंपिक की तैयारियों के लिए थी जिसमें नये वैरिएशन और खिलाड़ियों को आजमाया गया था।''

आस्ट्रेलिया की आक्रामक शैली से निपटने के तरीके के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा कि नये तरह की पासिंग से निपटा जा सकता है। उन्होंने सुझाव दिया, ''आस्ट्रेलिया से निपटने के लिए उच्च स्तर के तालमेल की जरूरत है जिसमें डिफेंडर से डिफेंडर तक गेंद ट्रांसफर, मिडफील्ड में डिफेंडरों के तेज पास, ऊपर के पास इस तरह की शैली से निपटने के लिए फायदेमंद हो सकते हैं।




## हमें अपनी गलतियों को सुधारना होगा - डु प्लेसी

बेंगलूर । रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के कप्तान डु प्लेसी ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ टीम को मिली हार पर निराश जाहिर करते हुए कहा है कि हमें अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाना होगा। डु प्लेसी ने कहा ,'' सनराइजर्स ने इतने ज्यादा रन इस मैच में बनाये। ऐसे में 270 रन का लक्ष्य भी कठिन रहता। हमने कुछ चीजें की जो प्रभावी नहीं रहीं।'' उन्होंने कहा,'' खेल इतना तेज तेज हो गया है कि हमें बल्लेबाजी में अपनी कुछ गलतियों को ठीक करना होगा। हैदराबाद से मिले रिकॉर्ड लक्ष्य का पीछा करते हुए आरसीबी को 25 रन से हार का सामना करना पड़ा। इसी को लेकर डु प्लेसी ने कहा कि बल्लेबाजी में कुछ गलतियों को ठीक करना जरूरी है। सनराइजर्स ने इसी सत्र में बनाया अपना ही 277 रन का रिकॉर्ड तोड़ते हुए तीन विकेट पर 287 रन बनाये। वहीं इसके जवाब में आरसीबी सात विकेट पर 262 रन ही बना पायी। डु प्लेसी ने कहा मैच में हमें मानसिक तौर पर मजबूती से उतरना होगा। तभी टीम बेहतर प्रदर्शन कर पायेगी। आरसीब अब तक इस सत्र में केवल एक मैच ही जीत पायी है।

## वेस्ट बैंक में इज़राइली गोलीबारी, 2 फ़िलिस्तीनियों की मौत

रामल्ला । इजराइली गोलीबारी में यहां 2 फिलिस्तीनियों की दर्दनाक मौत हो गई। फिलिस्तीन के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि वेस्ट बैंक के नब्लस शहर के दक्षिण में इजराइल ने गोलीबारी की जिसमें कम से कम दो फिलिस्तीनी मारे गए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि मारे गए दोनों लोगों की पहचान कर ली गई है। इसके मुताबिक मृतकों में 30 वर्षीय अब्दुलरहमान माहेर बानी फादेल और 21 वर्षीय मोहम्मद अशरफ बानी जामे हैं। इस मामले में अकरबा के मेयर सलाह बानी जाबेर का कहना था कि कई बाशिंदों ने अकरबा शहर के उपनगर खिरबेट अल-तवील में फिलिस्तीनियों के एक समूह पर हमला किया, जिस कारण 2 लोगों की मौत हो गई और 3 अन्य घायल हो गए। इज़राइली सेना ने अभी तक इस घटना पर कोई टिप्पणी नहीं की है। फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय का कहना है कि गत सात अक्टूबर को गाजा पट्टी में संघर्ष शुरू होने के बाद से, वेस्ट बैंक में इजराइलियों द्वारा 468 फिलिस्तीनियों को मारा गया है, जबकि 4,800 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं।

## कोशिमा में लगे भूकंप के झटके

टोक्यो। जापान के कोशिमा में भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के मुताबिक भूकंप के झटके अंतरराष्ट्रीय समयानुसार सोमवार को 22:38 बजे कोशिमा से 143 किलोमीटर दूर दक्षिण-पूर्व में महसूस किए गए। भूकंप की तीव्रता रिएक्टर स्केल पर 5.9 मापी गई है। भूकंप का केंद्र 29.47 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 131.74 डिग्री पूर्वी देशांतर एवं जमीन की सतह से 8.0 किमी की गहराई में रहा है। भूकंप से फिलहाल कोई जान-माल के नुकसान की कोई खबर नहीं है।

## मैक्रों ने सूडान को दो अरब यूरो से अधिक की सहायता देने का वादा किया

पेरिस । फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने घोषणा की कि वैश्विक दानदाताओं ने युद्धग्रस्त सूडान को दो अरब यूरो से अधिक की सहायता देने का वादा किया है। सूडान में एक साल से जारी युद्ध के कारण देश के लोग अकाल के कगार पर पहुंच गए हैं। उन्होंने इस वित्तीय मदद की कोई विस्तृत समयसीमा या ब्यौरा नहीं दिया। सूडान के नागरिक समाज के सदस्यों ने पेरिस में हुई बैठक में भाग लिया, लेकिन न सूडानी सेना और न ही उसके प्रतिद्वंद्वी अर्धसैनिक बल का इस बैठक में कोई प्रतिनिधित्व रहा। सूडान में पिछले साल अप्रैल से उस समय संघर्ष शुरू हुए, जब सेना और अर्धसैनिक 'रैपिड सपोर्ट फोर्सेज' के बीच बढ़ते तनाव ने राजधानी खार्तूम और देश भर में अन्य जगहों पर खुली लड़ाई का रूप ले लिया। इस युद्ध में 14,000 से अधिक लोग मारे गए हैं और कम से कम 33,000 घायल हुए हैं। राष्ट्रपति मैक्रों ने इसे दुनिया के सबसे खराब मानवीय संकटों में से एक'' करार देकर कहा कि इसने ''अकाल का वास्तविक खतरा'' पैदा कर दिया है। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से उदारतापूर्वक दान करने और ''रक्तपात के दु:स्वप्न'' में फंसे सूडानी लोगों की मदद के लिए संयुक्त राष्ट्र के जीवन-रक्षक प्रयासों में सहयोग करने का आग्रह किया।

## ड्रैगन को चुनौती......अमेरिका ने फिलीपींस में तैनात की अपनी मिसाइल

वॉशिंगटन । अमेरिकी सेना ने फिलीपींस में एक अभ्यास में भाग लेने के लिए पहली बार अपने टायफॉन मिसाइल प्रणाली को विदेश भेजा है। जमीन आधारित टाइफॉन टॉमहॉक क्रूज मिसाइलों और एसएम-6 बहुउद्देश्यीय मिसाइलों को फायर कर सकता है। टाइफॉन का फिलीपींस में पहुंचना अमेरिका की ओर से चीन के लिए भी एक संदेश है। अमेरिकी सेना ने फिलीपींस में टाइफॉन प्रणाली के करीब एक हिस्से के आने की घोषणा की है, इस मिड-रेंज कैपेबिलिटी (एमआरसी) के रूप में भी जाना जाता है, जहां इसने अभ्यास सालाकनिब-24 में भाग लिया। चीन की ओर से कई बार ये संदेश दिया गया है कि अमेरिका उसके पड़ोस में ज्यादा सक्रिय ना हो। चीन की चेतावनियों को दरकिनार कर अमेरिका ने फिलीपींस में अपनी उपस्थिति बढ़ दी है। अमेरिकी सेना ने जो तस्वीरें जारी की हैं, उनमें हेवी एक्सपेंडेड मोबिलिटी टैक्टिकल ट्रक (एचईएमटीटी) के ट्रैक्टर संस्करण द्वारा खींचे गए एकल ट्रेलर-आधारित कंटेनरीकृत लांचर को अमेरिकी वायु सेना सी-17ए ग्लोबमास्टर-3 परिवहन विमान पर दिखाया गया है। यह पहली बार है जब टाइफॉन प्रणाली के तत्वों को एयरलिफ्ट किया और 8,000 मील से अधिक लंबी यात्रा करने में उस विमान को 15 घंटे से अधिक का समय लगा।

## भारतीय सैन्यकर्मियों का दूसरा समूह मालदीव से रवाना

माले । मालदीव को भारत द्वारा उपहार में दिए गए विमान के संचालन के लिए तैनात भारतीय सैन्यकर्मियों का दूसरा समूह राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की मांग के अनुसार द्वीप राष्ट्र से रवाना हो गया है। एक मीडिया रिपोर्ट में रविवार को यह जानकारी दी गई। नौ अप्रैल को मालदीव से रवाना होने वाले भारतीय सैन्य कर्मियों के दूसरे समूह में वे भारतीय सैनिक थे जो डोर्नियर विमान का संचालन कर रहे थे। पहले यह माना जा रहा था कि द्वीप राष्ट्र से रवाना होने वाले भारतीय सैन्यकर्मी एक हेलीकॉप्टर का संचालन कर रहे थे। भारतीय सैनिकों के दूसरे समूह की रवानगी की घोषणा सबसे पहले राष्ट्रपति मुइज्जू ने शुक्रवार को एक चुनाव प्रचार अभियान कार्यक्रम के दौरान की थी। चीन समर्थक माने जाने वाले मुइज्जू ने कहा था कि पहली टीम पहले ही जा चुकी है। अब दूसरे प्लेटफॉर्म से भी सैनिक हटा लिए गए हैं। राष्ट्रपति मुइज्जू ने कहा एक ही प्लेटफार्म बचा है। बाकी भारतीय सैन्य कर्मियों को भी 10 मई से पहले वापस बुला लिया जाएगा। वे चले जायेंगे। मालदीव सरकार ने देश से भारतीय सैन्य कर्मियों की हालिया रवानगी पर आधिकारिक तौर पर कोई जानकारी नहीं दी है। राष्ट्रपति मुइज्जू ने अपने देश से भारतीय सैन्य कर्मियों के पहले समूह की वापसी के लिए 10 मार्च की समय सीमा तय की थी। मालदीव और भारत के बीच फरवरी में हुए समझौते के तहत नयी दिल्ली ने देश द्वारा उपहार में दिए गए सैन्य विमानों के संचालन की देखरेख के लिए मालदीव में तैनात भारतीय सैन्य कर्मियों के स्थान पर भारत से प्रशिक्षित नागरिकों की तैनाती पर सहमति जताई थी।

## ईरान की इजराइल को धमकी, ऐसा हथियार इस्तेमाल करेंगे जो कभी नहीं हुआ

### -इजरायल ने भी कसम खाई, ईरान को हमले का जवाब जरुर देगा

तेहरान। ईरानी वाणिज्य दूतावास पर हमले के जवाब में ईरान ने इजरायल पर ताबड़तोड़ मिसाइलें दागकर एक नई जंग को दावत दे दिया है। ईरानी हमले के बाद इजरायल ने भी कसम खाई है कि वह इस हमले का बदला जरुर लेगा। इजरायल ईरान पर कब हमला करेगा यह तय नहीं है। इस बीच ईरान ने एक बार फिर इजरायल को धमकाया है और कहा है कि अगर बेंजामिन नेतन्याहू की सरकार जवाबी कार्रवाई करती है तो ईरान ऐसा हथियार तैनात करेगा, जिसका इस्तेमाल पहले कभी नहीं हुआ। इससे तबाही हो सकती है। इजरायल के सैन्य प्रमुख ने कहा है हम ईरान के हमले का जवाब देंगे हमें इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के फैसले का इंतजार है। इजराइली धमकी के बाद ईरान ने भी कहा कि वह इजरायल के किसी भी हमले का सेकेंड में जवाब देगा और जरूरत पड़ने पर ऐसा हथियार इस्तेमाल करेगा जिसका पहले कभी इस्तेमाल नहीं किया गया है। इजरायली सैन्य प्रमुख हरजी हलेवी ने जोर देकर कहा कि इजरायल अपने अगले कदमों पर विचार कर रहा है और कहा कि ईरानी हमले का जवाब दिया जाएगा, जबकि ईरान के उप विदेश मंत्री अली बघेरी कान ने कहा कि ईरान की ओर से किसी भी गतिविधि का सेकंड से भी जवाब देंगे।

बता दें कि ईरान ने 13 अप्रैल को इजराइल पर हमले के दौरान सैंकड़ों ड्रोन, बैलिस्टिक मिसाइल और क्रूज मिसाइल दागीं थी। इजराइली सेना ने कहा कि उसने रक्षा प्रणाली व लड़ाकू विमानों और अमेरिका की मदद से 99 फीसदी ड्रोन और मिसाइलों को नाकाम कर दिया गया है। इजराइल ने दो सप्ताह पहले सीरिया की राजधानी दमिश्क में ईरान के वाणिज्य दूतावास की इमारत पर कथित तौर पर हमला किया था, जिसके जवाब में ईरान ने इजराइल पर हमला किया। दोनों देशों के बीच दशकों से जारी दुश्मनी के बीच ईरान ने पहली बार इजराइल पर सीधे सैन्य हमला किया।




न्यूयार्क में रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप के विरोध में बैनर लेकर प्रदर्शन करती हुई एक महिला और अन्य लोग।

## ईरानी फतह मिसाइल के सामने कमजोर पड़ा इजरायल का आयरन डोम

तेलअवीव । ईरान ने 13 अप्रैल की रात इजरायल पर हमला करने से पहले अपने प्रमुख शहरों की इमारतों पर हाइपरसोनिक हथियार की होर्डिंग्स लगाई थीं। जिसमें लिखा था 400 सेकेंड में तेल अवीव। यानी मिसाइल अगर ईरान से लांच की जाए, तब तेल अवीव तक सिर्फ 400 सेकेंड में पहुंच जाएगी। यानी करीब साढ़े 6 मिनट में। इस मिसाइल का नाम है फतह है। यह मीडियम रेंज की बैलिस्टिक मिसाइल है। 1400 किलोमीटर रेंज है। इसकी गति आवाज की स्पीड से 15 गुना ज्यादा है। यानी 17.9 हजार किलोमीटर प्रतिघंटा। इस गति की मिसाइल को इजरायल ट्रैक तब कर सकता है लेकिन उसका एयर डिफेंस सिस्टम इस मिसाइल सिस्टम रोक पाएगा या नहीं इस पर दुविधा थी। लेकिन इसकी पुष्टि 13 अप्रैल को हुए ईरानी हमले में हो गई। पहले पूरी दुनिया को लगा था कि इजरायल का आयरन डोम और अन्य एयर डिफेंस सिस्टम सात ईरानी बैलिस्टिक मिसाइल को नहीं रोक पाए। असल में वे फतह हाइपरसोनिक मिसाइलें थीं। जिसे इजरायल का कोई भी एयर डिफेंस सिस्टम नहीं रोक पाया। यही सात मिसाइलें इजरायल के नेवातिम एयरबेस पर गिरीं। मॉस्को के मिलिट्री जानकार व्लादिस्लाव शुरिगिन ने बताया कि ईरान ने रात में किया गया हमला कई लहर में किया है। ईरान की मिसाइलों की रेंज और स्पीड बहुत ज्यादा नहीं है। इसके लिए पहले उन्होंने शाहेद ड्रोन और रॉकेट्स से हमला किया। इसके बाद सबसोनिक क्रूज मिसाइलों से हमला किया। फिर फतह हाइपरसोनिक मिसाइल और बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं। ड्रोन और रॉकेट्स ने इजरायल पर लगभग एक साथ हमला किया। ये पहला शॉकवेव था। ठीक तभी इजरायली डिफेंस फोर्सेस, अमेरिकी नौसेना के विमानवाहक युद्धपोत और इजरायली आयरन डोम ने इस हमले को रोकने के लिए जरूरी प्रयास किए।

## भारत को यह महत्वपूर्ण सुरक्षा कवच देना चाहता है इजराइल.... लेकिन अमेरिका ने लगा रखा है अड़ंगा

### -अमेरिका इजराइल की मांग पर जबाव क्या दें



**तेल अवीव (एजेंसी)।** ईरान के मिसाइल और ड्रोन हमलों के बाद इजराइल के जिस रक्षा कवच की चर्चा है, उसका नाम एरो मिसाइल डिफेंस सिस्टम है। यह इजराइली मिसाइल डिफेंस सिस्टम अंतरिक्ष में भी ईरानी मिसाइलों के खिलाफ घातक साबित हुआ। एरो ने ईरान की कई बैलिस्टिक मिसाइलों को हवा में ही तबाह कर अपनी ताकत का लोहा मनवाया है। इजराइल का एरो 3 मिसाइल डिफेंस सिस्टम लंबी दूरी तक मार करने वाली दुश्मन की मिसाइलों को अंतरिक्ष में रहने के दौरान ही मार गिराने के लिए बनाया गया है। एरो डिफेंस सिस्टम को साल 2017 में सक्रिय किया गया था और इस सिस्टम ने पिछले साल नवंबर में भी हूती विद्रोहियों की एक मिसाइल को मार गिराया था। एरो सिस्टम का जन्म इराक के 42 स्कड मिसाइल दागने के बाद हुआ था। इस एयर डिफेंस सिस्टम को इजराइल अपने खास दोस्त भारत को देना चाहता है लेकिन अमेरिका ने अड़ंगा डाल रखा है।

साल 1991 की बात है, जब इराक ने इजराइल की राजधानी तेल अवीव और हाइफा शहर पर 42 स्कड मिसाइलों से हमला किया था। इस भीषण हमले के बाद इजराइल ने एरो सिस्टम पर काम करना शुरू किया। इजराइल ने साल 2000 में एरो 2 सिस्टम को सक्रिय कर दिया था। इस सिस्टम का उद्देश्य इराक की स्कड और ईरान शहाब मिसाइलों को अंतरिक्ष में ही मार गिराना था। यह सिस्टम दुश्मन की किसी मिसाइल को इजराइली हवाई क्षेत्र से 200 किमी की दूरी पर नष्ट कर देता है। हालांकि यह काफी महंगा हैं, इसमें इंटरसेप्टर मिसाइल दागने पर 3 मिलियन डॉलर का खर्च आता है।

साल 2017 में एरो 3 को सक्रिय करने के बाद इजराइल के हाथ अब हाइपरसोनिक क्षमता आ गई है। यह बहुत बड़े इलाके की सुरक्षा करने में सक्षम है। इससे यह किसी बड़े शहर या इलाके को आसानी से सुरक्षा मुहैया कराता है। यह परमाणु बम लेकर आ रही मिसाइल को भी अंतरिक्ष में मार गिराने में सक्षम है। इजरायल एयरोस्पेस इंडस्ट्री कंपनी ने अमेरिका की मिसाइल डिफेंस एजेंसी के साथ मिलकर इस एरो सिस्टम को बनाया है।

इस कारण इजराइल दोस्त भारत को यह एयर डिफेंस सिस्टम बेचना चाहता है, लेकिन अमेरिका ने इसमें अड़ंगा लगा रखा है। आर्म्स कंट्रोल एसोशिएशन की रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका यह फैसला नहीं कर पा रहा है कि वह इजराइल की मांग पर क्या जवाब दे। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत ने अभी तक इजराइल से एरो के लिए नहीं कहा है, लेकिन नई दिल्ली एंटी मिसाइल क्षमता को बढ़ाना चाहता है। भारत ने रूस से एस 400 खरीदा है और अमेरिका से भी कई एयर डिफेंस सिस्टम को लेकर बात की है। भारत को पाकिस्तान और चीन दोनों की ही मिसाइलों से बड़ा खतरा है।

लेकिन अमेरिकी विदेश मंत्रालय की वजह से मामला फंसा हुआ है। इसके पीछे बड़ी वजह मिसाइल तकनीक कंट्रोल रिजीम (एमटीसीआर) संधि है। यह संधि 500 किलो के वारहेड से लैस 300 किमी से ज्यादा की दूरी तक मार करने वाली मिसाइल को देने से रोकती है। एरो सिस्टम में यह क्षमता है।

## अमेरिकी खुफिया अधिकारी ने बताया चीनी दादागिरी से मुकाबला लेने को तैयार हो रहा भारत

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** इजराइल-ईरान तनाव के बीच शीर्ष अमेरिकी खुफिया अधिकारी ने कांग्रेस को बताया कि 2023 में भारत ने खुद को एक वैश्विक नेता के रूप में प्रदर्शित किया क्योंकि भारत ने पूरे हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीनी दादागिरी का मुकाबला करने की अधिक इच्छा दिखाई और अपनी सेना को आधुनिक बनाने और रूसी मूल-उपकरणों पर अपनी निर्भरता कम करने के लिए कदम उठाए। रक्षा खुफिया एजेंसी के निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल जेफरी क्रूस की टिप्पणी चीन का मुकाबला करने वाली रक्षा खुफिया पर कांग्रेस की सुनवाई के दौरान आई। क्रूस ने कहा, पिछले वर्ष के दौरान, भारत ने समूह 20 के आर्थिक शिखर सम्मेलन की मेजबानी करके खुद को एक वैश्विक नेता के रूप में प्रदर्शित किया है और पीआरसी (पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चीन) पूरे भारत-प्रशांत क्षेत्र में गतिविधि का मुकाबला करने की अधिक इच्छा जाहिर की है। क्रूस ने कहा, 2023 में भारत ने चीन से प्रतिस्पर्धा करने और रूसी मूल के उपकरणों पर अपनी निर्भरता कम करने के लिए अपनी सेना को आधुनिक बनाने के लिए कदम उठाए। भारत ने अपने पहले घरेलू स्तर पर निर्मित विमानवाहक पोत का समुद्री परीक्षण किया और प्रमुख रक्षा प्रौद्योगिकियों के हस्तांतरण पर कई पश्चिमी देशों के साथ बातचीत भी की है। यूक्रेन पर रूस के हमले पर भारत ने अपना तटस्थ रुख बरकरार रखा है। क्रूस ने कहा, रूस भारत का सबसे महत्वपूर्ण रक्षा साझेदार बना हुआ है और भारत अपनी रक्षा अधिग्रहण साझेदारी में विविधता लाने की भारत की इच्छा के बावजूद, मास्को से एस-400 सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली जैसे हथियार हासिल करना जारी रखे हुए है। उन्होंने सांसदों से कहा, 2024 में, भारत शायद अपने राष्ट्रीय संसदीय चुनावों को सुरक्षित करने, आर्थिक विकास को बनाए रखने और अपने सैन्य आधुनिकीकरण प्रयास के हिस्से के रूप में मेक इन इंडिया पहल पर ध्यान केंद्रित करेगी, जिसका उद्देश्य बीजिंग का मुकाबला करना है। क्रूस ने सांसदों को बताया कि दोनों पक्षों ने क्षेत्र में लगभग 50,000-60,000 सैनिक बनाए रखे हैं और सीमा के पास अपने सैन्य बुनियादी ढांचे में सुधार जारी रखा है। पाकिस्तान पर, क्रूस ने सांसदों से कहा कि उसने कश्मीर के बारे में भारत के साथ अपने विवाद को सुलझाने के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद सहित अंतरराष्ट्रीय समर्थन मांगा है।

## लाल टोपी जैद का वीडियो देखकर पाकिस्तानी यूजर ले रहे मजे

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** ईरान और इजरायल के बीच इस समय काफी तनाव है। ईरान के हमले के बाद दोनों देशों में युद्ध जैसे हालात बनते दिख रहे हैं। इस बीच पाकिस्तान की मीडिया और सोशल मीडिया पर चर्चा में रहने वाले जैद हामिद का एक वीडियो सामने आया है। वीडियो में जैद हामिद बाकायदा गन लेकर ट्रेनिंग करते हुए दिख रहा है। जैद के इस वीडियो को पाकिस्तान के कई सोशल यूजर्स ने शेयर करते हुए जैद का मजाक उड़ाया है। वीडियो में लाल टोपी जैद दो प्वाइंट के बीच भागते हुए और फायरिंग करते हुए देखा जा सकता है। उसके हाथ में गन है और पीठ पर एक बैग भी है। इस दौरान वह किसी फौजी की तरह से कभी घुटनों पर बैठकर तब कभी लेटकर फायरिंग कर रहा है। जैद के वीडियो को शेयर करते हुए पिरधन बलूच ने लिखा, जैद यरूशलम के करीब पहुंच चुका था। अचानक जैद को ख्याल आया कि घर में पानी की टंकी भर गई होगी, तब मोटर बंद कर दूं, बस वह लौट आया। पाकिस्तान की पत्रकार आरजू काजमी ने जैद के वीडियो पर लिखा, ये भी क्या चीज बनाई है भाई लोगों ने। एक अन्य यूजर ने लिखा कि इस आदमी ने अपना पूरा जीवन जिहाद की तैयारी में बिता दिया लेकिन ये अलग बात है कि कहीं जाने की हिम्मत इसकी कभी नहीं हुई। सादिया ने कहा कि खुदा के वास्ते जैद हामिद खुद भी चला जाए और मुल्ला माफिया को भी अपने साथ ही इजरायल ले जाए। कई यूजर्स ने कहा कि यह इजरायल के खिलाफ जिहाद की तैयारी है। हालांकि वीडियो कब का है, इसकी जानकारी नहीं है। पाकिस्तान में लाल टोपी के नाम से कुख्यात जैद सोशल मीडिया पर अपने भड़काऊ बयानों को लिए पहचान रखता है। जैद कभी भारत, कभी अमेरिका कई बार इस्लामिक देशों के खिलाफ भी जहर उगलता रहा है। जैद हामिद का पसंदीदा विषय गजवा-ए-हिंद रहा है। अपने वीडियोज में जैद ने बार-बार कहा है कि जल्दी ही पाकिस्तान और भारत की जंग होने जा रही है। इस जंग में पाकिस्तानी फौज दिल्ली पर जीत हासिल करते हुए गजवा हिंद करेगी।

## ईरान के हमले के बाद घर में ही घिरे नेतन्याहू, विपक्षी जल्द चुनाव की मांग कर रहे

**तेल अवीव (एजेंसी)।** ईरान के इजराइल पर हमले के बाद पीएम बेंजामिन नेतन्याहू विपक्ष के निशाने पर हैं। इजराइली पीएम नेतन्याहू की नीतियों और हाल के समय फैसलों के लिए विपक्षी नेता और पूर्व पीएम यायर लैपिड ने उन्हें खरी-खरी सुनाई है। लैपिड ने कहा कि जिस तरह से देश पर ईरान ने हमला किया, वहां अभूतपूर्व है। प्रधानमंत्री नेतन्याहू की सरकार ने इजराइल की खुद का बचाव करने की क्षमता को पूरी तरह से नुकसान पहुंचाया है। लैपिड की टिप्पणी ईरान के इजराइल पर 300 से अधिक मिसाइलें और ड्रोन लांच करने के दो दिन बाद आई है।

यायर ने लिखा, नेतन्याहू सरकार में कब्जे वाले वेस्ट बैंक में फिलिस्तीनियों के खिलाफ जिस तरह की हिंसा हुई, वह उनके नियंत्रण से बाहर थी। 2022 में कई पार्टियों के साथ गठबंधन कर सत्ता में लौटे नेतन्याहू ने बीरी से किर्यत शमोना तक विनाश ही विनाश किया है। देश के लिए जरूरी है कि शीघ्र चुनाव कराए। गाजा सीमा के पास बेरी में किबुत्ज समुदाय पर 7 अक्टूबर को हमास ने हमला कर भारी तबाही मचाई थी। इसके बाद गाजा में युद्ध शुरू हुआ। इजराइल के उत्तरी शहर किर्यत शमोना में लेबनान सीमा से हिज्बुल्ला के लड़ाके लगातार गोलीबारी कर रहे हैं। इसकारण लोग यहां सामान्य जिंदगी नहीं चल पा रही है। इस सभी का यायर ने जिक्र करते हुए नेतन्याहू को घेरा है।



लैपिड ने सीधे तौर पर नेतन्याहू को घेरकर कहा कि वेस्ट बैंक और देश की स्थिति को देखते हुए ये जरूरी है कि ये मौजूदा सरकार को हटाया जाए। उन्होंने कहा कि अगर हम इस सरकार को नहीं हटाते हैं, तब यह हमारे लिए विनाश लाएगी। इसके लिए बहुत जरुरी हैं कि जल्दी से जल्दी देश में चुनाव हों और नेतन्याहू को सत्ता से हटाया जाए। ईरान के हमले के बाद घर में घिरे नेतन्याहू ने युद्ध कैबिनेट की बैठक की है। इसमें ईरानी हमले पर इजराइल की प्रतिक्रिया पर विचार किया गया। इजराइल ने ईरान को जवाब देने का अपने अधिकार सुरक्षित होने की बात कही है। ईरान और लेबवान की ओर से हमलों के साथ-साथ वेस्ट बैंक की स्थिति भी नेतन्याहू सरकार की चिंता बढ़ा रही है।

## डोनाल्ड ट्रंप का ऐतिहासिक मुकदमा शुरू, चुनाव से पहले जेल जाने का मंडरा रहा खतरा

**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** पूर्व अमेरकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का ऐतिहासिक मुकदमा शुरू हो गया, जिससे ट्रंप अमेरिकी इतिहास में आपराधिक मामले का सामना करने वाले पहले पूर्व राष्ट्रपति बन गए हैं। नवंबर में अमेरिका में होने वाले चुनाव में ट्रंप की उम्?मीदवारी को लेकर सवाल खड़े हो गए। एक मुकदमे में ट्रंप को एक पोर्न अभिनेत्री के साथ यौन संबंध बनाने के आरोपों के बारे में चुप कराने के लिए ट्रंप को अपनी कंपनी के व्यावसायिक रिकॉर्ड में हेराफेरी कर उसे पैसे देने के आरोप में आपराधिक सजा और जेल भी हो सकती है।

अभियोजक ने ट्रंप के खिलाफ हितों का टकराव पैदा करने के मामले में मुकदमा चलाने में मदद के लिए एक ब?यायफ्रेंड को करदाताओं को 650,000 डॉलर देने की कीमत पर काम पर रखा था। ट्रंप के खिलाफ 6 जनवरी, 2021 के दंगों के कारण चुनाव में हस्तक्षेप के आरोप वाला संघीय आपराधिक मामला भी लंबित है। यह मामला उस समय का है, जब कांग्रेस को बाइडेन के चुने जाने की पुष्टि करने से रोकने के लिए उनके समर्थकों ने कैपिटल में तोड़-फोड़ कर दी थी। सुप्रीम कोर्ट को अब राष्ट्रपति पद के उनके दावों पर फैसला करना है। उनके खिलाफ एक और लंबित संघीय आपराधिक मामला वर्गीकृत दस्तावेजों को नष्?ट करने को लेकर है।

ट्रंप ने अदालत में जाने से पहले कहा कि यह राजनीतिक उत्पीड़न है, यह ऐसा उत्पीड़न है जैसा पहले कभी नहीं हुआ, किसी ने भी ऐसा कभी नहीं देखा है। अभियोजकों ने कहा है कि अभियोजन केवल यह दर्शाता है कि लोकतंत्र में कोई भी कानून से ऊपर नहीं है। अदालत में ट्रंप अपने वकीलों के साथ एक मेज पर बैठे। उन्होंने अंतिम समय में न्यायाधीश पर पक्षपाती होने का आरोप लगाते हुए उन्?हें खुद को सुनवाई से अलग करने के लिए कहा। मर्चन के साथ ट्रंप की झड़पें हुई हैं, उन्?होंने मांग ठुकरा दी और मुकदमे को आगे बढ़ाया। मैनहट्टन के उप लोक अभियोजक ने ट्रंप के खिलाफ मामलों की दोबारा गिनती शुरू की। अभियोजक और बचाव पक्ष के वकील उन संभावित जूरी सदस्यों की बारीकी से जांच करेंगे जो उन पूर्वाग्रहों की तलाश कर रहे हैं जो उनके मामले को नुकसान पहुंचा सकते हैं और उन लोगों को जूरी में बैठने से रोकने की कोशिश करेंगे, जिन्हें वे पक्षपाती मानते हैं।

मैनहट्टन के लोक अभियोजक एल्विन ब्रैग, जो इस पद के लिए निर्वाचित डेमोक्रेट हैं, उनके द्वारा लाया गया मामला 130,000 डॉलर पर केंद्रित है, जो 2016 के चुनाव अभियान के दौरान पोर्न स्टार स्टॉर्मी डेनियल्स को चुप कराने के साथ एक और सेक्स स्कैंडल से बचने के लिए उन्हें उनके पूर्व वकील माइकल कोहेन के



जरिए भुगतान किया गया था। अभियोजन पक्ष का आरोप है कि भुगतान को कॉर्पोरेट कानूनी खर्चों के रूप में छिपाया गया था, जो राज्य कानून का उल्लंघन है। ट्रंप कई सिविल मामलों में भी फंसे हुए हैं। एक संघीय अदालत में चल रहे एक अन्य सिविल मामले में ट्रंप को एक महिला को बदनाम करने के कारण 83 मिलियन डॉलर का हर्जाना देने का आदेश दिया गया था।





# प्राची देसाई कैसे चुनती हैं किरदार

## करियर की शुरुआत में मना किए कई मुश्किल रोल

बॉलीवुड अभिनेत्री प्राची देसाई और मनोज बाजपेयी इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म साइलेंस 2– द नाइट आउल बार शूटआउट को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। दर्शकों का इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार है। वहीं, दोनों सितारे इन दिनों फिल्म के प्रचार में जुटे हुए हैं। इस फिल्म का प्रीमियर 16 अप्रैल को ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर होगा। फिल्म की रिलीज से पहले प्राची और मनोज ने अमर उजाला के खास कार्यक्रम शुक्ल पक्ष में बातचीत की। इस दौरान प्राची ने अपने किरदार के चुनाव को लेकर बात की।

प्राची देसाई ने साइलेंस 2– द नाइट आउल बार शूटआउट में इंस्पेक्टर संजना का किरदार निभाया है। फिल्म में मनोज और प्राची का कोई लव एंगल नहीं दिखाया गया है। उन्होंने फिल्म में मजबूत महिला का किरदार निभाया है। प्राची ने इसपर बात करते हुए बताया कि बचपन से मैंने अपनी मां और दादी को देखा है, वो एक टीचर थीं, शायद उसी का एक रिफ्लेक्शन है, जो मैं ये किरदार चुन पा रही हूं। मुझे लगता है कि किरदार अगर थोड़ा अलग हो, तो मुझे अट्रैक्ट करता है, यही संजना के रोल के साथ हुआ।

### ऑडियन्स बनाए रखने के लिए पंचलाइन कितनी जरूरी

फिल्म के पहले पार्ट में प्राची के कई जबर्दस्त सीन हैं। इस दौरान उनकी कुछ पंचलाइन भी हैं। सस्पेंस थ्रिलर फिल्म के बीच में लाइट मोमेंट लाने होते हैं। इन डायलॉग को बोलने में काफी प्रॉब्लम होती है। इसपर अभिनेत्री ने कहा कि एक्सपीरियंस कहता है, हमने बड़े होते हुए जो फिल्में देखीं, उनकी कुछ–कुछ लाइनें हमेशा याद रहती हैं, जैसे अंदाज अपना–अपना हो या बहुत सी ऐसी फिल्में हैं। दिल चाहता है की कितनी सारी लाइनें हैं। वो मेरी एक फेवरेट फिल्म थी, तो ऑडियन्स को कनेक्ट करने के लिए ये बहुत जरूरी होती हैं। मेरे लिए जो इस फिल्म के किरदार हैं, वो मुझे आज भी याद हैं। उसका क्रेडिट उतना ही राइटर्स को जाता है। उन्हीं की वजह से ऑडियन्स के साथ कनेक्शन बन जाता है और वो कभी–कभी बस एक लाइन से होता है।

### कैसी होती है इंस्पेक्टर की रियल लाइफ

साइलेंस में हम इन्वेस्टिगेशन कर रहे थे। मगर एक सीन में उन्होंने हमें पर्सनल स्पेस में देखा कि ये हमेशा पुलिस स्टेशन में अटेंशन में थोड़े ही नहीं खड़े होते हैं, तो इनकी लाइफ में क्या होता है और इनका इक्वेशन क्या होता है। तो इन्वेस्टिगेशन कितना ही गंभीर हो, लेकिन रियल लाइफ में ही ऐसा ही होता है, जो इंसान मजाकिया है, जैसे साहिल हैं, वो रियल लाइफ में भी ऐसे ही हैं, जैसे सीन में हैं। वो कई बार मनोज सर को हंसा देते थे।

### करियर की शुरुआत में मना किए चुनौतीपूर्ण किरदार

टीवी शो कसम से की बानी के किरदार से अपने करियर की शुरुआत करने वालीं प्राची देसाई ने अपने करियर में कई अलग–अलग किरदार निभाए हैं। उन्होंने बताया, करियर के बहुत शुरुआत में शायद कुछ रोल थे, जो मैं आईडेंटिफाई नहीं कर पाई थी कि कितना अच्छा होता, अगर ये रोल किया होता। मगर वो मैच्योरिटी और एक्सपीरियंस की भी बात है, तो तब ऐसा हुआ था। उसके बाद जैसे समझ आई तो कोशिश बस यही था कि खुद को इंटरेस्टिड कैसे रहें और ऑडियन्स को भी इंटरेस्टिड कैसे रखें। क्योंकि उस दौर में बात यही थी कि अगर आपको एक रोल में किसी ने पसंद किया था, तो वहीं ऑफर्स आपको आते थे।

## कमल हासन की ठग लाइफ में दुलकर सलमान की जगह अभिनेता सिम्बु के नाम पर अटकलें

विक्रम की सफलता के बाद फैंस को कमल हासन की अगली फिल्म का बेसब्री से इंतजार है। अभिनेता के पास इस समय कई बड़े प्रोजेक्ट हैं, जिनमें वे अदाकारी का जादू दिखाते नजर आने वाले हैं। इंडियन 2 और कल्कि 2898 एडी के अलावा उनके पास ठग लाइफ नाम की भी फिल्म है। हाल ही में इस फिल्म का एक पोस्टर जारी किया गया था, जिसे देखने के बाद फैंस की उत्सुकता काफी ज्यादा बढ़ गई थी। फिल्म के निर्देशन की कमान मणिरत्नम के हाथों में है, जिसकी वजह से दर्शकों को उम्मीदें काफी ज्यादा बढ़ गई हैं। तीन दशकों के बाद इस फिल्म के जरिए कमल हासन और मणिरत्नम एक साथ काम कर रहे हैं। फिल्म की शूटिंग पिछले साल शुरू हुई थी, लेकिन तब से किसी न किसी वजह से फिल्म की शूटिंग में रुकावट आ रही है।

फिलहाल, कमल हासन की राजनीतिक प्रतिबद्धताओं की वजह से प्रोडक्शन के काम में देरी हो रही है। इसी वजह से दुलकर सलमान और जयम रवि पहले ही फिल्म से खुद को अलग कर चुके हैं। इस बीच फिल्म को लेकर एक बड़ी जानकारी सामने आई है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस बड़े बजट की फिल्म में दुलकर सलमान की जगह लेने के लिए अभिनेता सिम्बु पूरी तरह से तैयार हैं। बताया जा रहा है कि उन्होंने लुक टेस्ट पूरा कर लिया है और बहुत जल्द वे सेट पर अन्य कलाकारों के साथ फिल्म की शूटिंग के लिए शामिल होने वाले हैं। इसको लेकर जल्द ही निर्माताओं की ओर से एक आधिकारिक एलान भी किया जा सकता है। ठग लाइफ का निर्माण राज कमल इंटरनेशनल फिल्म्स और मद्रास टॉकीज के बैनर तले कमल हासन, मणिरत्नम, आर. महेंद्रन और शिव अनंत कर रहे हैं। उदयनिधि स्टालिन इस फिल्म के प्रस्तुतकर्ता हैं। फिल्म में एआर रहमान का संगीत लोगों को सुनने को मिलेगा। ठग लाइफ में तृषा कृष्णन जोजू जॉर्ज और गौतम कार्तिक भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।



## जान्हवी कपूर की उलझ की रिलीज की तारीख से उठा पर्दा!

अभिनेत्री जान्हवी कपूर इन दिनों अपने साउथ डेब्यू की तैयारी कर रही हैं। इसके साथ ही वे राम चरण के साथ आरसी 16 की शूटिंग में व्यस्त हैं। वहीं, इस बीच अब अभिनेत्री की नई बॉलीवुड फिल्म पर बड़ा अपडेट सामने आ चुका है। जान्हवी बॉलीवुड फिल्म उलझ में आईएफएस अधिकारी की भूमिका में नजर आएंगी। फिल्म की शूटिंग 11 सितंबर, 2023 को खत्म हो चुकी है। बहुप्रतीक्षित राजनीतिक थ्रिलर उलझ के पोस्ट प्रोडक्शन पर काम चल रहा है। वहीं अब फिल्म की रिलीज को लेकर जानकारी सामने आई है। एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि जंगली पिक्चर्स के बैनर तले उलझ के निर्माता 5 जुलाई, 2024 को फिल्म रिलीज करने की योजना बना रहे हैं। फिल्म के निर्माण से जुड़े एक अंदरूनी सूत्र ने का दावा है कि पोस्ट–प्रोडक्शन का काम पूरा होने के करीब है। जंगली पिक्चर्स की टीम 5 जुलाई, 2024 को अपनी राजनीतिक थ्रिलर लाने का लक्ष्य बना रही है और आधिकारिक घोषणा नजदीक है। फिल्म की टीम भी इसकी रिलीज के लिए काफी उत्सुक है, क्योंकि वे भारतीय सिनेमा के दर्शकों के लिए एक नई शैली पेश करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। उलझ के अलावा जान्हवी कपूर की अगले तीन महीनों में एक और फिल्म रिलीज होगी, वह है शरण शर्मा द्वारा निर्देशित मिस्टर एंड मिसेज माही। रिपोर्ट्स के अनुसार, मिस्टर एंड मिसेज माही की तारीख की घोषणा जल्द ही की जाएगी। वहीं, सुधांशु सरिया के निर्देशन में बनी उलझ के कलाकारों की बात करें तो फिल्म में जान्हवी कपूर के साथ गुलशन देवैया, रोशन मैथ्यू, राजेश तैलंग, मियांग चांग, आदिल हुसैन, राजेंद्र गुप्ता और जितेंद्र जोशी भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। फिल्म के बारे में बात करते हुए जान्हवी ने कहा था कि मैंने इस अनुभव के माध्यम से बहुत कुछ सीखा है, मैं हर दिन उठती हूं और फिल्म में शामिल प्रत्येक व्यक्ति को, हर चीज के लिए अपना दिल और आत्मा देते हुए देखकर बहुत प्रेरित महसूस करती हूं।



## फिल्म चिट्टा के आलोचकों पर सिद्धार्थ का कटाक्ष

साउथ सिनेमा के चर्चित सितारे सिद्धार्थ एक बार फिर सुर्खियों में हैं। अभिनेता ने अपनी 2023 की फिल्म चिट्ठा के बारे में बात करते हुए रणबीर कपूर की एनिमल पर कटाक्ष किया है। हालांकि, उन्होंने फिल्म का नाम नहीं लिया लेकिन उन्होंने इसके तमिल संस्करण मिरुगम का इस्तेमाल किया। अभिनेता ने इसके जरिए उन लोगों की आलोचना की जिन्हें उनकी फिल्म चिट्ठा परेशान करने वाली लगी। अनजान लोगों के लिए, फिल्म चिट्ठा ने बाल शोषण पर एक महत्वपूर्ण संदेश दिया। सिद्धार्थ, जो गंभीर मुद्दों पर अपनी निर्भीक और ईमानदार राय के लिए जाने जाते हैं, उन्होंने रणबीर कपूर की एनिमल और उन लोगों पर अप्रत्यक्ष रूप से कटाक्ष किया, जिन्हें चिट्ठा परेशान करने वाली लगी। एक कार्यक्रम में अभिनेता ने कहा, किसी भी महिला ने मुझसे या अरुण (चिट्ठा के निर्देशक) से कभी संपर्क नहीं किया और हमें नहीं बताया कि वे फिल्म नहीं देख सकते या यह परेशान करने वाली है। सिद्धार्थ ने अपनी बात में आगे जोड़ा, हालांकि, कई पुरुषों ने हमारे सामने यह स्वीकार किया है। उन्होंने कहा कि वे इस तरह की फिल्में नहीं देखेंगे। लेकिन, वे मिरुगम (अंग्रेजी में अर्थ एनिमल) नामक फिल्म देख सकते हैं, लेकिन मेरी फिल्म उनके लिए बहुत परेशान करने वाली थी। यह अशांति नहीं, शर्म और अपराधबोध है। यह ठीक है, यह जल्द ही बदल जाएगा। सितंबर 2023 में, चिट्ठा की रिलीज के लगभग एक सप्ताह बाद चिन्ना नामक तेलुगु संस्करण रिलीज होने के लिए तैयार था। एक सम्मेलन में सिद्धार्थ ने कहा कि तमिलनाडु और केरल के शीर्ष वितरकों, रेड जाइंट मूवीज और श्री गोकुलम सिनेमाज ने इसे सर्वश्रेष्ठ फिल्म बताया।

## बॉलीवुड में विश्वसनीयता को फिर से परिभाषित कर रहे हैं राजकुमार राव

ऐसे उद्योग में जहां प्रतिभा अक्सर ग्लैमर के आगे पीछे रह जाती है, अभिनेता राजकुमार राव विश्वसनीयता के प्रतीक बनकर उभरे हैं, जिन्होंने बॉलीवुड में एक बहुमुखी अभिनेता होने का मतलब फिर से परिभाषित किया है। अपने नाम के साथ समीक्षकों द्वारा प्रशंसित प्रदर्शनों की एक सीरीज के साथ राव ने, विभिन्न शैलियों और पात्रों में अपनी क्षमता का प्रदर्शन करते हुए, अपने लिए एक जगह बनाई है। काई पो चे! में उनकी ब्रेकआउट भूमिका से लेकर शाहिद, न्यूटन और ट्रैप्ड जैसी फिल्मों में अपने दमदार अभिनय के दम पर, राव ने लगातार ऐसा प्रदर्शन किया है, जिसे न केवल आलोचकों ने सराहा है, बल्कि दर्शकों ने भी पसंद किया है, जिससे वह इंडस्ट्री में सबसे विश्वसनीय और दमदार कलाकार बन गए हैं।





# सोहा अली खान ने मेरे मकान को घर बनाया है

**बॉलीवुड एक्टर और डायरेक्टर कुणाल खेमू अपनी मूवी मडगांव एक्सप्रेस को लेकर सुर्खियों में हैं। उन्होंने खास बातचीत में पत्नी, परिवार और कामकाज के बारे में खुलकर बात की है। उन्होंने बताया कि कैसे उन्हें सोहा अली खान सपोर्ट करती रहती हैं। कलयुग से हीरो बनने वाले कुणाल ने ट्रैफिक सिग्नल, गोलमाल 3, गो गोवा गॉन, कलंक, कंजूस मक्खीचूस जैसी कई फिल्मों में काम किया है। मगर इन दिनों वे चर्चा में अपनी डायरेक्टोरियल डेब्यू मडगांव एक्सप्रेस से।**

**आपकी पत्नी सोहा भी फिल्म इंडस्ट्री से हैं, तो उनका कितना सपोर्ट रहा और आपकी फिल्म मडगांव एक्सप्रेस को लेकर उनकी क्या प्रतिक्रिया रही?**

आम तौर पर वे हमेशा बहुत सपोर्टिव रहती हैं। इस बार भी बहुत प्यार और सहयोग मिला, मगर कई बार आपको ऐसा भी लगता है कि घरवाले आपका दिल रखने के लिए तारीफ कर रहे हैं। इस बार जब–जब मैंने इस फिल्म की स्क्रीनिंग की, वो बाकायदा पूरी फिल्म देखती थीं। मैं उनसे कहता भी था कि पूरी फिल्म देखने की जरूरत नहीं है, मगर उन्होंने जेन्युनिन्ली फिल्म के मजे लिए। उन्हें फिल्म पसंद आई। उन्होंने मुझसे कहा कि उन्हें रिपीट वैल्यू में भी मजा आ रहा है। मेरे घरवाले भी फिल्म को दो–तीन बार देख चुके हैं, तो इस बार फिल्म को लेकर ऑडियंस और फैमिली की प्रतिक्रिया एक जैसी है।

**सोहा आपको किस तरह से परिपूर्ण करती हैं?**

मैं यही कहूंगा कि जिंदगी अगर मकान है, तो उसे घर सोहा ने बनाया है। मुझे लगता है, यही आपके प्यार की पार्टनरशिप होती है। जब आप सिंगल होते हैं, आपकी जिंदगी अलग होती है, मगर जब आप शादी करते हैं, तो वो यूनिट तभी काम करती हैं, जब आप एक–दूसरे से फिजिकली, मेंटली और इमोशनली सुकून पाते हैं और सोहा इन सभी पहलुओं पर खरी उतरती हैं। वो मेरे समझदार होने की वजह भी हैं।

**अभिनय के बाद आप मडगांव एक्सप्रेस में लेखक–निर्देशक के रूप में आए हैं। फिल्म करते हुए आपकी सोच क्या थी?**

मैंने जब ये फिल्म लिखी, तो किसी ने मुझे कहा नहीं था। मैंने अपने मन से लिखी थी। मैंने स्क्रिप्ट लिख कर सोहा और एकाध दोस्त को ही सुनाई थी। बाकी किसी को पता भी नहीं था। बस मेरे पास समय था और मैं कहानी लिखता चला गया। मुझे इसे लिखने में मजा आ रहा था। हंसी आ रही थी। मगर इसे लिखने के बाद कई सालों तक मैंने किसी को बताया नहीं, क्योंकि मुझे शर्म आ रही थी कि पता नहीं लोग क्या सोचेंगे। अंतत: निर्माताओं तक ये बात पहुंची और उन्होंने मुझसे कहा कि मुझे फिल्म डायरेक्ट करनी चाहिए। तब मुझे लगा कि मुझे ये मौका झपट लेना चाहिए, क्योंकि मुझसे किसी को कोई उम्मीद नहीं है और मैं नहीं जानता कि फिल्म कितना मनोरंजन कर पाएगी? मुझे लगा बल्ला हाथ लगा है और मुझे बैटिंग करनी चाहिए। मैंने रिलीज से पहले ही कहा था कि ताली मिले, तो वो भी मेरी और गाली मिले तो वो भी सिर आंखों पर। अब मुझे खुशी है कि लोगों को फिल्म पसंद आई और मुझे ताली मिली।

**अपनी डायरेक्टोरियल डेब्यू के लिए बड़े स्टार्स के बजाय प्रतीक गांधी, दिव्येंदु और अविनाश तिवारी जैसे कलाकारों की कास्टिंग आपके लिए रिस्की नहीं था?**

रिस्की तो सब कुछ था। मेरा स्क्रिप्ट लिखना, डायरेक्टर बनना। मगर हम जिन बड़े स्टार्स की बात करते हैं, तो वे किसी फिल्म से ही बड़े स्टार्स बने हैं। वो पैदाइशी स्टार्स तो नहीं थे। नए टैलेंट्स को मौका नहीं देंगे, तो स्टार्स कैसे बनेंगे? फिर मेरे लिए जरूरी था कि मैं ऐसे कलाकारों को लूं, जो इन किरदारों के साथ जस्टिफाई कर सकें, जो टैलेंटेड हैं और अपनी फ्रेश एनर्जी के साथ आए हैं। आज स्टार्स की परिभाषा भी बदलती जाती है। कई तरह के स्टार्स हैं, सुपर स्टार, मेगा स्टार, ब्लॉकबस्टर स्टार आदि, जो मेरी समझ से परे है। मैं तो यही कामना करता हूं कि इन कलाकारों को प्यार मिले और आगे चलकर ये उस तथाकथित स्टार की परिभाषा में फिट बैठ सकें। वरना मेरे लिए तो ये तीनों ही स्टार हैं।

**फिल्म सोशल मीडिया के प्रेशर की बात भी करती है, आप सोशल मीडिया के बारे में क्या सोचते हैं?**

सोशल मीडिया एक ड्रग की तरह है। आप इसे दवा की तरह भी देख सकते हैं और नशे की तरह भी। मैं ये नहीं कहता कि आपको सोशल मीडिया से दूर चले जाना चाहिए। बस आपको ध्यान रखना है कि आपको इसकी लत न लगे। आपको इसकी जिम्मेदारी लेनी पड़ेगी, क्योंकि अगर आप लॉग आउट नहीं होते, तो वो एक एडिक्शन है, जिसकी दलदल में आप फंसते चले जाते हैं। हम तो फिर भी खुशकिस्मत हैं कि हमने सोशल मीडिया के पहले का दौर भी देखा है, मगर आज की जनरेशन तो इसी में पैदा हुई है, तो हमें उन्हें बताना होगा कि उनका सेल्फ एस्टीम इस ऐप या सोशल मीडिया का मोहताज नहीं है। इस ड्रग को कैसे हैंडल करना पड़ेगा, ये समझने वाली बात है, क्योंकि ये कहीं नहीं जाने वाला, तो सोशल मीडिया को सोशल भेड़िया बनने से रोकना होगा।

# मोटी वांकड गांधी फलिया में आठम पर हुआ होम: सांसद लालू पटेल हुए शामिल, लिया आशीर्वाद





असली आजादी न्यूज नेटवर्क, दमण 16 अप्रैल। मोटी वांकड गांधी फलिया में चैत्र नवरात्रि के आठम पर मां अंबे के दरबार में होम का आयोजन किया गया। जिसमें दमण-दीव सांसद लालू पटेल ने शामिल होकर मां अंबे का आशीर्वाद लिया। इस दौरान मोटी वांकड गांधी फलिया के अनेक लोगों ने होम में शामिल होकर आहूति दी।

# प्रदेश में बढ़ रहा गर्मी का सितम: गर्मी के दिनों में नवजात शिशुओं, बच्चे एवं बुजुर्ग व्यक्तियों का रखे विशेष ध्यान

असली आजादी न्यूज नेटवर्क, सिलवासा 16 अप्रैल। संघ प्रदेश थ्रीडी में दिन-प्रतिदिन गर्मी बढ़ रही है। गर्मी स्वास्थ को प्रभावित कर सकती है। इस समय प्रदेश में भी तापमान बढ़ रहा है और अगले कुछ दिनों में यह बरकरार रहने की संभावना है। गर्मी के दिनों में ध्यान न रखने से आप गर्मी के कारण विभिन्न समस्याओं से ग्रस्त हो सकते है। गर्मी का असर ज्यादातर नवजात शिशुओं, बच्चे, बुजुर्ग एवं जो व्यक्ति सीधी धूप में ज्यादा समय के लिए कार्य करता है जैसे कि मजदूर, किसान, सड़क एवं निर्माण कर्मी एवं कठोर शारीरिक गतिविधियों में संलग्न व्यक्ति जैसे खिलाड़ी, सैन्य व्यक्ति, पुलिस आदि पर होता है। ज्यादा देर तक गर्मी के संपर्क में आने से ऊष्माघात हो सकता है। जिसका महत्वपूर्ण संकेत शरीर के तापमान का 104 डिग्री फारेनहाइट (40 डिग्री सेल्सियस) के ऊपर होना है। इसके अतिरिक्त बहुत तेज सिरदर्द, चक्कर आना, गर्मी होने के बावजूद पसीने का कम आना, लाल, गर्म और शुष्क त्वचा, मांसपेशियों में कमजोरी या ऐंठन, मतली / उल्टी, सुस्ती, दिल की धड़कन का तेज होना, सांस तेज होना, मानसिक भ्रम की स्थिति एवं बेहोशी जैसे लक्षण भी दिखाई दे सकते हैं। कुछ खास बातों का ध्यान रख के गर्मी के कारण होनेवाली समस्याओं से बचा जा सकता है। ज्यादा मात्रा में पानी पिये, जहाँ तक हो सके घर में या छाव में रहे। अगर बाहर निकलना पड़े तो छाते या टोपी का इस्तेमाल करे, फीके रंग के हल्के और ढीले कपड़े पहने। धूप से बचने के लिये कपड़े या स्कार्फ का इस्तेमाल करे। कड़ी धूप में बाहर निकलते वक्त गीले कपड़े से सर को ढँके। गर्मी के दिनों में नींबू-पानी, छाछ या नारियल पानी पिये। हरी पत्तीदार सब्जियों / फलों का ज्यादा इस्तेमाल करे। गर्मी के दिनों में क्या न करे जैसे कि सॉफ्ट ड्रिंक्स, शराब एवं नशीले पदार्थों का सेवन न करे। कड़ी धूप में घर से बाहर न निकले। कड़ी धूप में ज्यादा शारीरिक श्रम वाले काम न करे। गर्मी की ऋतु में खाना जल्द बासी हो जाता है, बासी खाना न खाये। बच्चे, गर्भवती महिलाएं और बुजुर्ग लोग दोपहर के समय घर से न निकले। इन सभी बातों का ध्यान रखकर हम सभी खुद को और अपने परिवार को सुरक्षित रख सकते है। अधिक जानकारी के लिये 104 पर संपर्क करे या फिर अपने नजदीकी स्वास्थ्य अधिकारी की सलाह ले।

# दादरा नगर हवेली निर्वाचन विभाग की स्वीप टीम ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति किया जागरूक



असली आजादी न्यूज नेटवर्क, सिलवासा 16 अप्रैल। लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत दादरा नगर हवेली जिले के निर्वाचन विभाग की स्वीप टीम द्वारा व्यवस्थित मतदान शिक्षण तथा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। स्वीप टीम द्वारा मतदान शिक्षण तथा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत जन-जन तक मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से साकेत कॉम्प्लेक्स डोकमरडी में मतदान संबंधी जानकारी देने के साथ-साथ एक नुक्कड नाटक का भी आयोजन किया गया। जिसमें लोगों को मनोरंजन के साथ-साथ मतदान संबंधी जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में सोसायटी के सभी लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और उक्त कार्यक्रमों में रुचि लेते हुए मतदान संबंधी जानकारी का लाभ लिया। इसी क्रम में मतदाताओं की अधिकाधिक सहभागिता के उद्देश्य से निर्वाचन विभाग की स्वीप टीम द्वारा रिस्पोंसिबल ऑफिसर एवं चीफ ऑफिसर (सिलवासा नगरपालिका) संग्राम शिंदे के मार्गदर्शन में स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत रखोली खाड़ीपाड़ा में सायली और रखोली की आंगणवाड़ी वर्करों तथा हेल्परों के साथ-साथ हैमिल्टन हाउस वेयर प्राइवेट लिमिटेड रखोली के स्टाफ को मतदान संबंधी जानकारी देते हुए वोटर हेल्पलाइन, वोट के दिन ले जाने हेतु महत्वपूर्ण दस्तावेजों मतदान से संबंधित जानकारी हेतु 1950 तथा 1077 द्वारा दी जाने वाली सेवाएं, सी-वीजिल एप और वोट के महत्व की जानकारी दी गई। स्वीप टीम द्वारा सोशल मीडिया के अंतर्गत इंस्टाग्राम (sveepdnh2024) और फेसबुक पर भी मतदान जागरूकता कार्यक्रम संबंधी जानकारी दी जाती है, जिससे अधिक से अधिक संख्या में आम जनता को मतदान संबंधी जानकारी प्राप्त हो सके और उन्हें वोट देने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। प्रदेशवासियों से अनुरोध है कि इंस्टाग्राम और फेसबुक को फॉलो करें और अधिक से अधिक संख्या में इन सुविधाओं का लाभ उठाते हुए मतदान संबंधी संपूर्ण जानकारी प्राप्त करें तथा 7 मई 2024 को मतदान केंद्र पर जाकर अपना अपना बहुमूल्य वोट अवश्य दे।

# एशियन यूथ बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2024 के लिए संघ प्रदेश के बॉक्सर सुमित कुमार का हुआ चयन



असली आजादी न्यूज नेटवर्क, दमण 16 अप्रैल। राष्ट्रीय बॉक्सिंग अकादमी रोहतक हरियाणा में भारतीय खेल प्राधिकरण एवं भारतीय बॉक्सिंग फेडरेशन द्वारा कजाकिस्तान में आयोजित होने वाली प्रतिष्ठित एशियन यूथ बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2024 के लिया भारतीय यूथ बॉक्सिंग टीम का सिलेक्शन ट्रायल का आयोजन 12 से 15 अप्रैल को किया गया था। इस सिलेक्शन ट्रायल में दादरा नगर हवेली और दमण-दीव के बॉक्सर सुमित कुमार को 63-67 किलोग्राम वेट कैटेगरी राष्ट्रीय स्पर्धा में अपने अच्छे प्रदर्शन के चलते चयनित किया गया था। सिलेक्शन ट्रायल में संघ प्रदेश के बॉक्सर सुमित कुमार ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए 63-67 किलोग्राम वेट कैटेगरी में पहला स्थान हासिल किया एवं भारतीय यूथ बॉक्सिंग टीम में अपनी जगह पक्की की। इस सिलेक्शन ट्रायल में अलग-अलग राज्यों के राष्ट्रीय स्तर के सर्वश्रेष्ट यूथ बॉक्सिंग खिलाडियों को चयनित किया गया था। सुमित ने अनुभवी बॉक्सरों को हराकर यह मुकाम हासिल किया है। पहले राउंड के कड़े मुकाबले में सुमित ने सर्विसेस स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड के बॉक्सर को 4-1 से हराया और दूसरे राउंड में सुमित ने चंडीगढ़ के बॉक्सर को 5-0 से हराया और एशियन यूथ बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2024 के लिए भारतीय बॉक्सिंग टीम में अपना स्थान हासिल किया। अपने प्रदर्शन से सुमित ने अपने नाम के साथ-साथ इस प्रदेश का नाम भी रोशन किया है। एशियन यूथ बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2024 के लिए बॉक्सर का चयन होना संघ प्रदेश के लिए गौरव की बात है। ज्ञात हो कि सुमित कुमार प्रतिष्ठित यूथ वर्ल्ड बॉक्सिंग कप 2024 में पदक जीतने वाले संघ प्रदेश के पहले खिलाडी है। विभाग के बॉक्सिंग प्रशिक्षक विजय पहल ने उम्मीद जताई है कि संघ प्रदेश के स्टार बॉक्सर सुमित कुमार कजाकिस्तान में आयोजित होने वाली प्रतिष्ठित एशियन यूथ बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2024 में बेहतर प्रदर्शन कर पदक अपने नाम करेंगे और संघ प्रदेश के साथ ही भारत देश का नाम रोशन करेंगे।

# पार्कसंस पैकेजिंग में फायर सेफ्टी जागरुकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन



असली आजादी न्यूज नेटवर्क, दमण 16 अप्रैल। दमण फायर विभाग द्वारा रिंगणवाडा स्थित पार्कसंस पैकेजिंग में फायर सेफ्टी जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान फायर विभाग के कर्मचारियों ने पार्कसंस पैकेजिंग कंपनी के कर्मचारियों एवं श्रमिकों को फायर सेफ्टी की जानकारी दी। इसके साथ ही आग लगने के समय खुद का बचाव करने और आग पर काबू पाने के बारे में विस्तार से बताया गया।

# नागवा के पुस्तकालय में अंखड रामायण पाठ का हुआ शुभारंभ



असली आजादी न्यूज नेटवर्क, दीव 16 अप्रैल। दीव के नागवा स्थित राधा-कृष्ण मंदिर के ओपन पुस्तकालय में चैत्र नवरात्रि के अवसर पर अंखड रामायण पाठ का आयोजन किया गया है। नवतर प्रयोग करते हुए पुस्तकालय में रामचरित मानस का पाठ किया जा रहा है। कथा का शुभारंभ छगन वाजा, डॉ. डी. के. वाजा, रमेश रावल, जिग्नेश टीलावत, उका वघासिया, निर्भय वाजा, कमला गजानंद बारिया ने व्यासपीठ पर बैठकर रामायण पठन शुरु किया। कोई भी व्यक्ति व्यासपीठ के नियमों के साथ शुद्धिकरण के व्यासपीठ पर बैठकर रामचरित मानस का वाचन कर सकता है। इस अखंड पाठ का गान अयोध्या से आये साधुओं एवं शास्त्रियों द्वारा लगातार 24 घंटे किया जा रहा है। रामनवमी के दिन अखंड रामायण पाठ का समापन किया जायेगा। इस दिन 11 कुंडी श्री रामयज्ञ होगा, जिसमें 51 दंपत्ति पूजा में शामिल होगें। नागेश्वर फिल्म प्रोडक्शन लामधार, ऊना निर्माता लुंभाभाई वाजा एवं विरुबेन लुंभाभाई परिवार इस अखंड रामायण पाठ के मुख्य यजमान है। जिसका आयोजन श्री राधा-कृष्ण मंदिर द्वारा किया गया है।




# दीव में सरकारी क्वॉर्टर के पीछे पकडा गया 8 फुट लंबा सांप



असली आजादी न्यूज नेटवर्क, दीव 16 अप्रैल। दीव में सरकारी क्वॉर्टर के पीछे की साइड से वन विभाग के कर्मचारी द्वारा 8 फुट लंबा सांप पकडा गया। बताया गया है कि इस विस्तार में दो-तीन दिन से यह सांप घूम रहा था। लेकिन आज सुबह एक घर में घुसने की कोशिश कर रहा था। तभी नजर आ जाने से कंपाउंड की जाली बंद कर देने से बाहर झाड में घुस गया। इसकी जानकारी तुरंत वन विभाग को दी गयी। दीव वन विभाग के कर्मचारी संजयभाई ने तुरंत मौके पर पहुंचकर बडी मुश्किल से सांप को पकडा। सांप के पकडे जाने से लोगों ने राहत की सांस ली।

# भीमपोर के लीमडी माता मंदिर का 22 अप्रैल को मनाया जायेगा पाटोत्सव

असली आजादी न्यूज नेटवर्क, दमण 16 अप्रैल। भीमपोर के चार रास्ता स्थित लीमडी माता मंदिर का 22 अप्रैल को 15वां पाटोत्सव मनाया जायेगा। इस अवसर पर पूजा, आरती एवं महाप्रसाद का आयोजन किया जायेगा। 22 अप्रैल को सुबह 9 बजे से धार्मिक अनुष्ठानों का शुभारंभ होगा। जिसमें ध्वजारोहण, माताजी का होम, माताजी की आरती और दोपहर 12.30 बजे से महाप्रसाद का आयोजन किया जायेगा। जय लीमडी माता मंडल द्वारा भक्तों को इस धार्मिक अनुष्ठान में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है।




स्वामी: मारुतिनंदन पब्लिक, संपादक, प्रकाशक व मुद्रक विजय जगदीशचंद्र भट्ट द्वारा गाला नं. 7, तिरुपति इंडस्ट्रीयल एस्टेट, सोमनाथ मंदिर रोड, दाभेल, नानी दमण - 396210 से प्रकाशित तथा असली आजादी प्रेस गाला नं. 7, तिरुपति इंडस्ट्रीयल एस्टेट, सोमनाथ मंदिर रोड, दाभेल नानी दमण - 396210 से मुद्रित।
(समाचारों के चयन के लिए संपूर्ण जिम्मेदारी पीआरबी एक्ट के अंतर्गत संपादक की होगी। किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र दमण न्यायालय के अधीन होगा।)